दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



नए पर्ष को नए फूल ........ नए साल से ढड़ता.....

वर्ष : 10 | अंक : 21 | लखनऊ, 31 दिसम्बर, रविवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**
अधिकतम तापमान 22.c
न्यूनतम तापमान 9.c

**बाजार**
सोना 5510/ g
चांदी 73.50/ g
संसेक्स 69,825.60
निफटी 20,969.40

## पीएम मोदी ने अयोध्या में 15,700 करोड़ की 45 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

### प्रधानमंत्री ने अयोध्या को दुनिया की सुन्दरतम नगरी के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया: मुख्यमंत्री

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनपद अयोध्या में 15,700 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 45 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सम्मिलित हुए।

इसके पूर्व, प्रधानमंत्री नवनिर्मित महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे तथा 16 कि0मी0 तक रोड शो किया। प्रधानमंत्री का श्रीराम नगरी अयोध्या में अभूतपूर्व स्वागत किया गया। लता मंगेशकर चैक पर साधु-संतो ने प्रधानमंत्री पर पुष्प वर्षा की और उन्हें आशीर्वाद दिया। प्रधानमंत्री ने भी सभी का अभिवादन



किया। इसके उपरान्त प्रधानमंत्री ने पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का लोकार्पण तथा 06 वंदे भारत एक्सप्रेस टेज्न और 02 अमृत भारत ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने धर्म पथ, राम पथ, श्रीराम जन्मभूमि पथ आदि का अवलोकन किया और लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के राजघाट मोहल्ले के लाभार्थियों से भेंट की तथा उनके आवास के बारे में जानकारी प्राप्त की। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री जी, उत्तर प्रदेश सरकार एवं उनके अधिकारियों की सराहना की। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी श्रीमती मीरा मांझी के घर भी गये। इसके उपरान्त प्रधानमंत्री पुनः महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे और हवाई अड्डे का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के इतिहास में 30 दिसम्बर की तारीख बहुत ऐतिहासिक रही है। आज ही के दिन सन-1943 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अण्डमान में झण्डा फहराया था और भारत की आजादी का जयघोष किया था। आजादी के आंदोलन से जुड़े ऐसे पावन दिवस पर आज हम आजादी के अमृत काल के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। आज विकसित भारत के निर्माण के अभियान को अयोध्या से नई गति और नई ऊर्जा मिल रही है। आज यहां 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक धनराशि के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े यह कार्य आधुनिक अयोध्या को देश के नक्शे पर फिर से गौरव के साथ स्थापित करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी विरासत हमें प्रेरणा देती है और सही मार्ग दिखाती हैं। आज का भारत पुरातन और नूतन दोनों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है।

## सभी कृषि जिंसों पर न्यूनतम निर्यात मूल्य लगाने की कोई योजना नहीं



अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली : सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसकी सभी कृषि जिंसों (उत्पादों) पर न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) तय करने की स्पष्ट रूप से कोई योजना नहीं है। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि सरकार का सभी कृषि उत्पादों के निर्यात को लेकर ऐसा कदम उठाने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि सरकार का सभी कृषि उत्पादों पर एमईपी लगाने या निर्यात के नजरिये से सभी कृषि उत्पादों की समीक्षा करने का कोई इरादा नहीं है। ऐसा कोई निर्णय नहीं है। सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है। प्याज पर एमईपी लगाने के बारे में गौर करने वाली एक अंतर-मंत्रालयी समिति ने हाल ही में बासमती चावल पर ऐसा निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस समिति को व्यापक क्षेत्राधिकार मिलने का मतलब यह नहीं है कि समिति हरेक कृषि उत्पाद पर गौर करेगी और उसके लिए एमईपी लगाने की सिफारिश करना शुरू कर देगी। उन्होंने बताया कि गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद, भारत ने 14 से अधिक देशों के खाद्य सुरक्षा मसलों को देखते हुए उन्हें निर्यात के लिए 13 लाख टन चावल आवंटित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा सामाजिक प्रगति की नींव है: अदाणी फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रीति जी अडाणी

नई दिल्ली : शिक्षा को सामाजिक प्रगति की नींव बताते हुए अडाणी फाउंडेशन ने शुक्रवार को कहा कि वह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रसार करने के लिए प्रतिबद्ध है। अडाणी फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रीति जी अडाणी ने मध्य प्रदेश के कटनी जिले के एसीसी हायर सेकेंडरी स्कूल, कैमोर की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर कहा कि शिक्षा सामाजिक प्रगति की नींव है और एसीसी हायर सेकेंडरी स्कूल की सदियों पुरानी विरासत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की प्रतीक है। उन्होंने कहा, हमें इस महत्वपूर्ण अवसर का गवाह बनने पर गर्व है। हम स्कूल की समृद्ध विरासत में योगदान देने के लिए उत्सुक हैं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। कंपनी की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सीपी पोर्टलैंड सीमेंट लिमिटेड द्वारा 1923 में स्थापित किए गए स्कूल ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की है तथा 17,000 से अधिक व्यक्तियों के जीवन को आकार दिया है। अडाणी फाउंडेशन, अडाणी समूह की सामुदायिक सहायता और भागीदारी शाखा है।

### आतंकी घोषित हुआ लखबीर सिंह लांडा

बब्बर खालसा इंटरनेशनल के सदस्य लखबीर सिंह लांडा को भारत ने आतंकी घोषित कर दिया है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने घोषणा की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लखबीर सिंह लांडा को आतंकी घोषित करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक लखबीर सिंह लांडा के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम के तहत ये फैसला हुआ है। अब भारत सरकार ने गैंगस्टर लखबीर सिंह लांडा को आतंकवादी घोषित किया है। जानकारी के मुताबिक गैंगस्टर लखबीर सिंह लांडा मूल रूप से पंजाब से ताल्लुक रखता है। वो पंजाब के तरनतारन का रहने वाला है। वर्तमान में लांडा एडमोंटन, अल्बर्टा में रहता है। माना जाता है कि खालिस्तानी समर्थक गतिविधियों में भी वो शामिल रहा है। उसकी संलिप्तता की जानकारी मिलने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने उसके खिलाफ जांच शुरू की थी, जिसमें वो दोषी पाया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार लांडा पर आरोप है कि मोहाली में पंजाब पुलिस इंटेलिजेंस मुख्यालय पर हमले को अंजाम देने में उसका हाथ था। यानी वो आतंकी गतिविधियों में जुड़ा रहा है। उस पर आरोप है कि वो आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सीमा पार से आईईडी, हथियार और विस्फोटक सप्लाई करता रहा है। उस पर कई आपराधिक मामलों में शामिल रहने के आरोप है। आंतकी मॉड्यूल को खड़ा करने समेत जबरन वसूली करना, हत्याएं करना, आईईडी लगाना, हथियारों की सप्लाई करना जैसी कई आतंकी गतिविधियों में उसकी संलिप्तता रही है। जानकारी के मुताबिक लखबीर सिंह लांडा के खिलाफ 2021 में आउटलुक सर्कुलर जारी किया गया था। एनआईए ने लांडा पर इनाम भी घोषित किया है। एनआईए की विशेष अदालत ने तरनतारन जिले के किरियन गांव में आतंकी लखबीर सिंह लांडा की संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया था।

## ममता बनर्जी नियमित जांच के लिए अस्पताल गईं, कहा- चिंता की कोई बात

अमन लेखनी समाचार

**कोलकाता,** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शुक्रवार को अपने बाएं पैर के घुटने और कंधे की नियमित जांच के लिए एक सरकारी अस्पताल पहुंचीं। इस वर्ष की शुरूआत में एक हेलीकॉप्टर से उतरते वक्त बनर्जी के घुटने और कंधे पर चोट लग गई थी।

बनर्जी ने संवाददाताओं को बताया कि वह एसएसकेएम अस्पताल के वुडबर्न ब्लॉक पहुंचीं, जहां चिकित्सकों ने उनकी नियमित जांच कीं। ममता ने कहा, हमारे हेलीकॉप्टर को सिलीगुड़ी के पास सेवोक में भारतीय वायुसेना की हवाईपट्टी पर आपात स्थिति में उतारना पड़ा था जिससे मेरे पैर तथा कंधे में चोटें आईं। आज चिकित्सकों ने इसका पूरा इलाज किया और मैं बिल्कुल ठीक हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा, चिंता की कोई बात नहीं है, मैं बिल्कुल ठीक हूं। मैं यहां सिर्फ जांच कराने आई थी। मैं दिन में करीब 20,000 कदम चल रही हूं। बनर्जी ने कहा, मैंने अस्पताल के संबंध में भी चिकित्सकों से बातचीत की। बनर्जी ने अपनी कार में बैठने से पहले राज्य के सभी लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री के स्पेन और दुबई के 12 दिवसीय दौरे के वक्त बाएं घुटने में फिर से चोट लग गई थी।

## गुजरात दंगों के मामलों से जुड़े 95 गवाहों, वकील, सेवानिवृत्त न्यायाधीश का सुरक्षा घेरा वापस लिया गया

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली : गुजरात सरकार ने 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड और उसके बाद हुए दंगों के मामलों में जांच कर रहे उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के गवाह संरक्षण प्रकोष्ठ की सिफारिश पर 95 गवाहों की सुरक्षा वापस ले ली है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एसआईटी ने दंगा पीड़ितों के मामलों में पैरवी कर रहे एक वकील और एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश को दिया गया केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का सुरक्षा घेरा भी वापस ले लिया है। सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) एफ ए शेख ने कहा, उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित एसआईटी के गवाह संरक्षण प्रकोष्ठ की सिफारिश के आधार पर अहमदाबाद पुलिस ने नरोदा गाम, नरोदा पाटिया और गुलबर्ग सोसाइटी जैसे दंगों के अनेक मामलों में 95 गवाहों को दी गई पुलिस सुरक्षा वापस ले ली है।

नरोदा पाटिया दंगा मामले में अदालत में गवाही देने वाली 54 साल की फरीदा शेख का सुरक्षा घेरा भी वापस ले लिया गया है। शेख ने कहा, उच्चतम न्यायालय के निदेशानुसार हम जैसे लोगों को पुलिस सुरक्षा दी गई थी। एक सशस्त्र पुलिसकर्मी सुबह से शाम तक मेरे घर के बाहर पहरा देता था। 26 दिसंबर को, मुझे नगर पुलिस द्वारा सूचित किया गया कि मेरा सुरक्षा घेरा वापस ले लिया गया है। मुझे कोई कारण नहीं बताया गया। उन्होंने दावा किया, अन्य कई गवाहों के साथ भी ऐसा हुआ है। हम डर में जी रहे हैं, क्योंकि अनेक आरोपी अब भी बाहर हैं और वे हमें अब भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। गुलबर्ग सोसाइटी पीड़ितों की ओर से अदालत में पेश हुए वकील एस एम वोरा का सुरक्षा घेरा भी हाल में वापस ले लिया गया था।

वोरा ने कहा, मुझे सुरक्षा देने के लिए सीआईएसएफ के एक जवान को तैनात किया गया था और एसआईटी ने सुरक्षा घेरा वापस लेने के लिए कोई कारण नहीं बताया है। सूत्रों ने बताया कि नरोदा पाटिया दंगा मामले में 32 लोगों को दोषी करार देने वाली शहर की पूर्व प्रधान सत्र न्यायाधीश ज्योत्सना याज्ञिक का सुरक्षा घेरा भी वापस ले लिया गया है। उन्हें सेवा के दौरान करीब 15 बार धमकियां मिली थीं, जिसके बाद उन्हें सीआईएसएफ की सुरक्षा प्रदान की गई थी। सूत्रों ने बताया कि उनके आवास पर तैनात सीआईएसएफ कर्मियों ने पिछले महीने दिवाली के बाद से आना बंद कर दिया।


तेरह दिसंबर को एसआईटी के गवाह संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रमुख पुलिस अधिकारी बी सी सोलंकी ने अहमदाबाद पुलिस को एक पत्र लिखकर एसआईटी के मूल्यांकन के बाद कुछ गवाहों को दी गई सुरक्षा वापस लेने के फैसले के बारे में सूचित किया था। पत्र में सोलंकी ने शहर के पुलिस आयुक्त से सुरक्षा घेरा वापस लेने के बाद गवाहों की भलाई का ध्यान रखने के लिए संबंधित पुलिस थाना प्रभारी को निर्देश देने का अनुरोध किया था। सोलंकी टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं हो सके।

## शिक्षकों की शिकायत सुन एजुकेशन अफसर पर भड़कीं स्मृति ईरानी

### कहा– इंसानियत दिखाइए, हर व्यक्ति की मुझ तक पहुंच

अमन लेखनी समाचार

अमेठी : केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, जो अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के तीन दिवसीय दौरे पर थीं, सेवानिवृत्त स्कूल शिक्षकों से मिलने के बाद एक शिक्षा अधिकारी पर भड़क गईं, जिन्हें उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया है। शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान, सेवानिवृत्त स्कूल शिक्षकों के एक समूह ने ईरानी से संपर्क किया, जिन्होंने सांसद को अपनी शिकायतें सौंपीं। मंत्री ने तुरंत जिला विद्यालय निरीक्षक को फोन किया और उन्हें सभी लंबित मामलों को तुरंत निपटाने का निर्देश



दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

उन्होंने फोन पर कहा, आपके डेस्क पर जो भी पेंडेंसी है, उसे आज ही निपटा लें। ईरानी ने अधिकारी से कहा कि अमेठी के हर व्यक्ति की उन तक पहुंच है और वे अपनी समस्याओं के बारे में सीधे उनसे शिकायत करते हैं। उन्होंने कहा, ₹थोड़ी सी इंसानियत दिखाइए। यह अमेठी है, यहां हर व्यक्ति की मुझ तक पहुंच है। उन्होंने डीआईओएस से कहा कि जब आप सांसद से 10 मिनट से बहस कर रही हैं तो 72 साल के रिटायर्ड शिक्षक का क्या हाल किया होगा? ईरानी ने शनिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे 15 साल तक यहां से सांसद रहे लेकिन अमेठी के विकास के लिए नहीं सोचा। केवल मुंशीगंज में अपना गेस्ट हाउस बनाया।

मुंशीगंज में जन संवाद कार्यक्रम के दौरान जब ग्रामीणों ने पानी निकासी के लिए नालों के निर्माण का मुद्दा रखा तो स्मृति ईरानी ने कहा कि मुझे तो अभी साढ़े चार साल (सांसद चुने जाने के) हुए हैं, लेकिन यहां से 15 साल तक राहुल गांधी सांसद रहे पर उनके द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ईरानी ने आरोप लगाया, विकास के विषय में उन्होंने (राहुल गांधी) सोचा ही नहीं, केवल मुंशीगंज में अपना गेस्ट हाउस बनाया। दस साल तक केंद्र में उनकी सरकार रही पर अमेठी के विकास पर सोचा तक नहीं। यहां केवल कागज पर काम होते रहे। स्मृति ने राहुल गांधी का नाम लेते हुए कहा, राहुल गांधी तो अमेठी में ठीक से एक नाला भी नहीं बनवा पाए।

## भारत ने पाकिस्तान से लश्कर संस्थापक हाफिज सईद को प्रत्यर्पित करने को कहा

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली : भारत ने पाकिस्तान से 2008 के मुंबई आतंकी हमलों समेत ऐसे अनेक मामलों में वांछित लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद को प्रत्यर्पित करने को कहा है। हाफिज सईद कई आतंकी मामलों में भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा वांछित है। भारत ने सईद के बेटे तल्हा सईद के पाकिस्तान में चुनाव लड़ने की खबरों पर भी गौर किया और कहा कि उस देश में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठनों को मुख्यधारा में आना कोई नयी बात नहीं है और यह लंबे समय से उसकी सरकारी नीति का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि आतंकवादी के प्रत्यर्पण के लिए कुछ दस्तावेजों के साथ पिछले दिनों इस्लामाबाद को अनुरोध भेजा गया। बागची ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि हाल में प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध भेजा गया था।

उन्होंने कहा, जिसका जिक्र हो रहा है, वह भारत में कई मामलों में वांछित है। उसे संयुक्त राष्ट्र ने भी आतंकवादी घोषित किया है। इस संबंध में, हमने प्रासंगिक जरूरी दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान सरकार को उसे भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया है, ताकि एक खास मामले में वह मुकदमा का सामना कर सके। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग ने कुछ सप्ताह पहले यह अनुरोध सौंपा था। प्रवक्ता ने कहा कि भारत, पाकिस्तान को सईद की गतिविधियों के बारे में बताता रहा है और वह भारत में वांछित है। भारत का पाकिस्तान के साथ कोई प्रत्यर्पण समझौता नहीं है।


## 10 दिन की विपश्यना के बाद दिल्ली वापस लौटे सीएम केजरीवाल

### इस साधना से मिलती है असीम शांति

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि वह पंजाब के होशियारपुर जिले में अपना 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र पूरा करने के बाद शहर लौट आए हैं और अब फिर से लोगों की सेवा करना शुरू करेंगे। आप नेता को उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 3 जनवरी को पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी समन का सामना करना पड़ रहा है।

केजरीवाल 20 दिसंबर को होशियारपुर से करीब 11 किलोमीटर दूर आनंदगढ़ स्थित धम्म धज विपश्यना केंद्र (डीडीवीसी) पहुंचे। उन्होंने 'एक्स' पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा कि 10 दिनों की विपश्यना साधना



के बाद आज लौटे। यह साधना असीम शांति देती है। आज से हम फिर से नई ऊर्जा के साथ जनता की सेवा करना शुरू करेंगे। सभी को शुभकामनाएं।

केजरीवाल को डीडीवीसी के ट्रस्टी गौतम लाल ने सम्मानित किया, जिन्होंने उन्हें पुस्तकों का एक सेट भी भेंट किया। यह पहली बार था कि आप के राष्ट्रीय संयोजक ने पंजाब में विपश्यना का अभ्यास किया। पिछले दिनों उन्होंने इसके लिए जयपुर, नागपुर, धर्मकोट और बेंगलुरु का दौरा किया था। विपश्यना आत्म-अवलोकन के माध्यम से आत्म-परिवर्तन के लिए एक प्राचीन भारतीय ध्यान पद्धति है, जो मन और शरीर के बीच गहन अंतसंबंध पर ध्यान केंद्रित करती है।

## राम मंदिर के गर्भग्रह में होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम लला की 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह 22 जनवरी 2024 को दोपहर 12:20 बजे होने वाला है। यह शुभ कार्यक्रम भव्य राम मंदिर के गर्भ गृह में आयोजित किया जाएगा। इसी गर्भ गृग में भगवान श्री राम के पांच वर्षीय बाल स्वरूप की मूर्ति को विराजमान किया जाएगा।

राम मंदिर में प्रतिष्ठा समारोह के बाद देश भर की जनता राम लला के दर्शन मंदिर जाकर कर सकेगी। रामलला के दर्शन भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे। राम मंदिर में भी अन्य मंदिरों की तरह गर्भगृह सर्वोपरि महत्व रखता है। बता दें कि गर्भगृह में ही मंदिर के मुख्य देवता का निवास स्थान होता है। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में एक शानदार गर्भगृह का निर्माण हो रहा है जो रामलला का निवास स्थान होगा। इसकी खासियत है कि के दुनिया के सबसे बड़े गर्भगृहों में से एक होगा।

बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2022 में



शिलापूजन समारोह में गर्भगृह की आधारशिला रखी थी। इसके साथ ही गर्भगृह का निर्माण भी शुरू हो गया था। अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर के गर्भगृह की खासियत है कि ये दुनिया के सभी मंदिरों में सबसे बड़ा गर्भगृह में से एक होने वाला है। इसकी लंबाई 20 फीट और चौड़ाई भी 20 फीट है। जबकि इसकी उंचाई 161 फीट की है।

बता दें कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से पहले तक सबसे बड़ा गर्भगृह गुजरात स्थित सोमनाथ ज्योर्तिलिंग का है, जिसकी लंबाई 15 फीट और चौड़ाई 15 फीट है। ये गर्भगृह भारत में सबसे बड़ा गर्भगृह माना जाता है।

### जानें कैसा दिखता है गर्भ ग्रह

गर्भगृह में कोई खिड़कियाँ स्थापित नहीं होती है। आमतौर पर मंदिर में बने गर्भग्रह में रोशनी काफी कम मात्रा में होती है। इन विशेषताओं को जानबूझकर गर्भगृह में शामिल किया गया है। इस तरह से गर्भ ग्रह को बनाए जाने के पीछे खास कारण है कि भक्त बिना विचलित हुए अपने भगवान के सामने ध्यान लगा सकें और उनकी भक्ति में खुद को डूबा दें। आमतौर पर मंदिर के पश्चिमी कोने में गर्भ गृह का निर्माण किया जाता है। आमतौर पर गर्भ गृह से केवल एक ही दरवाजा जुड़ा होता है और परिसर अन्य तीन तरफ दीवारों से घिरा होता है। गर्भगृह के द्वार को प्रायः सावधानीपूर्वक सजाया जाता है।

### जानें कैसा होता है गर्भ ग्रह का आकार

गर्भ गृह को पारंपरिक रूप से चौकोर आकार में डिजाइन किया गया है जिसमें तीन तरफ दीवारें और मूर्तियों के सामने एक प्रवेश द्वार है। गर्भ गृह एक मंच पर बनाया गया है, जो ब्रह्मांड के सूक्ष्म जगत का प्रतिनिधित्व करता है, जिसके केंद्र में देवता की मूर्ति रखी गई है। गर्भ गृह मंदिर के केंद्रीय बिंदु के रूप में कार्य करता है।

# एटीएम कार्ड बदलकर जालसाजो ने महिला के खाते से 15 हजार रुपए उड़ाये

**मोहनलालगंज कस्बे में स्थित केनरा बैंक के एटीएम बूथ पर पैसे निकालने गयी महिला का एटीएम बदलकर जालसाजो ने खाते से 15हजार रुपए उड़ायें**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे में शनिवार को केनरा बैंक के एटीएम में पैसे निकालने आयी महिला का एटीएम कार्ड बदलकर दो जालसाजो ने खाते से दो बार में 15हजार रुपए उड़ा दियें ।महिला के मोबाइल पर पैसे निकालने का मैसेज आया तो उसके होश उड़ गयें ।जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर अज्ञात जालसाजो पर कार्यवाही की मांग की।

पीजीआई थाना क्षेत्र के सभाखेड़ा निवासी संगीता ने बताया शनिवार की दोपहर 12:00बजे वो मोहनलालगंज कस्बे में स्थित केनरा बैंक के एटीएम मशीन में पैसे निकालने गयी थी,जहां मशीन में एटीएम कार्ड लगाया तो बगल में खड़े दो युवको ने सर्वर ना होने की बात कहकर उसे अपनी बातो में उलझा लिया जिसके बाद उसने अपना एटीएम कार्ड मशीन में लगाया तो जालसाज ने पासवर्ड देख लिया ।इस दौरान बातो में उलझाकर जालसाजो ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर दूसरा एटीएम कार्ड उसे पकड़ा दिया ओर दोनो जालसाज मौके से रफूचक्कर हो गयें,करीब 15मिनट बाद खाते से दो बार में पन्द्रह हजार रुपए निकलने का मैसेज मोबाइल पर आया तो महिला के होश उड़ गयें ।जिसके बाद पीड़िता ने बैंक आंफ इंडिया की शाखा में पहुंचकर अपना एटीएम लांक कराया ।जिसके उसके खाते से ओर पैसे जालसाज नही निकाल सके ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता ने जालसाजो द्वारा एटीएम बदलकर खाते से पैसे उड़ाने की शिकायत की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

## सीसीटीवी में कैद हुये जालसाज....

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू करते हुये केनरा बैंक से एटीएम बूथ के सीसीटीवी कैमरे का फूटेज निकलवाया तो उसमें महिला संगीता को बातो में उलझाकर उसका एटीएम कार्ड बदलने वाले दोनो जालसाज कैद मिले ।पुलिस फुटेज निकलवाकर जालसाजो की तलाश में जुट गयी है।

## एटीएम बूथो पर नही तैनात है सुरक्षा गार्ड...

मोहनलालगंज कस्बे में दर्जन भर के करीब बैंको के एटीएम बूथो की सुरक्षा रामभरोसे है,किसी भी एटीएम बूथ पर सुरक्षागार्ड नही तैनात है,जिसके चलते एटीएम बूथो पर आकर जालसाज भोले भाले लोगो को अपना शिकार बनाकर एटीएम बदलकर उनके खाते साफ कर आसानी से चपंत हो जाते है ओर पुलिस भी जालसाजो को पकड़ने में नाकाम रहती है जब कि नियमो को अनदेखी करते हुये बैंक अपने एटीएम बूथो पर सुरक्षा गार्ड नही तैनात कर रहे हैं।

## एटीएम बदलकर पैसे उड़ाने की पूर्व में हुयी घटनाओ पर एक नजर......

1-14अगस्त2023 को कनकहा के कीतीर्खेड़ा निवासी विकास चन्द्र यादव का एटीएम कार्ड बदलकर जालसाजो ने खाते से तीन हजार रुपए उड़ा दिये थें।

2-28फरवरी2023 को गृहमंत्री की सुरक्षा में तैनात होमगार्ड धर्मेन्द्र वर्मा का एटीएम कार्ड बदलकर जालसाजो ने 43800रुपए उड़ा दिये थें।

3- 18अक्टूबर2022 को मोहनलालगंज के इन्द्रजीतखेड़ा गांव निवासी महिला विमलेश का एटीएम बदलकर जालसाजो ने खाते से 11हजार रुपए उड़ा दिये थे।

# ट्रैफिक इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्ति होने पर शुभचिंतको ने दी बधाई

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। नॉर्दर्न रेलवे के सच्चा सिपाही राष्ट्रभक्त ट्रैफिक इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्ति होने के बाद कृष्णा नगर आशुतोष पार्क में रिटायरमेंट का भव्य पार्टी आयोजन किया जिसमें लखनऊ से लेकर बाहर तक के जनता से लेकर जनप्रतिनिधियों का भीड़ का आलम लगा रहा जो सरकारी नौकरी में रहते हुए भी जनसेवा की भावना से हमेशा जनता के बीच में रह कर हर जनमानस के दिलों पर राज करने वाले कोई और नहीं अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के राष्ट्रीय महामंत्री पंडित देवेंद्र शुक्ला है जिनके रिटायरमेंट पार्टी में ब्रह्म समाज के अध्यक्ष सीपी अवस्थी ब्रह्म समाज के संरक्षक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पूर्व संयोजक कर्नल दयाशंकर दुबे व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सांसद रीता बहगुणा जोशी, पूर्व विधायक सुरेश चंद तिवारी, लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पांडे, ब्राह्मण शिरोमणि शिव शंकर अवस्थी ऐसे तमाम विभूतियों के साथ लखनऊ महानगर के मीडिया सहसंयोजक चंद्र भूषण पांडे उर्फ. पप्पू पांडे , मुकेश वाजपेई ,पम्मी बाजपेई ,श्याम त्रिपाठी के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होकर देवेंद्र शुक्ला को पुष्प कुछ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

# लखनऊ का 53वां थाना बना महिगवां, दायरे में होंगे 59 गांव

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।लखनऊ कमिश्नरेट में थानों की संख्या बढ़कर 53 हो गई है। शनिवार को नवसृजित महिगवां थाने का शुभारंभ बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार भी मौजूद रहे। महिगवां के पहले थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह बनाए गए हैं।

## समस्याओं का जल्द समाधान होगा

विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि नवसृजित थाने से लोगों को मदद मिलने के साथ सुरक्षा बेहतर होगी। कमिश्नर एसबी शिरडकर ने बताया कि 21 जुलाई 2023 को इटौंजा थाने की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी महिगवां को उच्चीकृत कर थाना बनाया गया था। नवनिर्मित थाने से बड़ी आबादी को सुविधा होगी। इसके साथ इंस्पेक्टर अमित सिंह को नए थाने का चार्ज सौंपा गया है।डीएम सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि थाना करीब होने से त्वरित मदद मिल सकेगी। इस मौके पर जेसीपी अपराध आकाश कुलहरि, डीसीपी उत्तरी सै. कासिम आब्दी, एसीपी बीकेटी अभिनव भी रहे।

## बीकेटी–इटौंजा के 59 गांव नए थाने में शामिल

नवसृजित थाने में बीकेटी के 18, इटौंजा के 41 गांव शामिल किए गए हैं। करीब 80 हजार आबादी की सुरक्षा जिम्मा महिगवां थाने पर होगा। नवनियुक्त इंस्पेक्टर अमित सिंह ने बताया कि महिगवां थाने की सीमा बाराबंकी के कुर्सी, घुंघटेर से मिलती हैं।थाने को चार बीट में बांटा गया है।

## थाने को फोर्स अलॉट

छह दिसंबर को महिगवां थाने के लिए फोर्स का आवंटन किया गया था। इंस्पेक्टर के अलावा दो एसआई, नौ हेड कांस्टेबल, 15 कांस्टेबल, दो कंप्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए, आरक्षी चालक दो, चतुर्थ श्रेणी के तीन पद सृजित किए गए हैं, जबकि चतुर्थ श्रेणी के तीनों पद आउटसोर्सिंग से भरे जाएंगे।

# प्रगति विचारधारा फाउंडेशन व स्टेलर एकेडमी ने बांटे कंबल

लखनऊ। सामाजिक संस्था प्रगति विचारधारा फाउंडेशन व स्टेलर एकेडमी के संयोजन में गरीबों को कम्बल वितरत किये गए इस अवसर पर अध्यक्ष नेहा नीरज खरे ने कहा कि हमारी संस्था सामाजिक कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहती है चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो या जन जागरूकता का संस्था द्वारा समय समय पर ऐसे आयोजन लगातार किये जा रहे हैं।शनिवार को आलमबाग नहर चौराहे पर पटरी किनारे सो रहे लोग जिनके पास सर्दी से बचने की लिए कोई गर्म कपड़ा तक नही था उन लोगो को संस्था की अध्यक्ष नेहा नीरज खरे ने संस्था की उपाध्यक्ष व प्रिंसिपल स्टेलर एकेडमी अंजली श्रीवास्तव सदस्य कीर्ति श्रीवास्तव सदस्य शिवम सिंह व सौरभ सिंह के साथ मिलकर कम्बल वितरित किये जिससे इन लोगो को इस भीषण सर्दी से राहत मिल सकेगी।संस्था की उपाध्यक्ष अंजली श्रीवास्तव द्वारा कहा गया कि जो भी सड़को पर ऐसे सोता हुआ मिलेगा उंसको भी संस्था द्वारा कम्बल के साथ साथ हर सम्भव मदद करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों लोगों ने संस्था के कार्यों की सराहना की।

# कंपाने वाली ठंड से जूझ रहा है यूपी, कई इलाकों के लिए ऑरेज और यलो अलर्ट



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, शनिवार को लखनऊ, कानपुर, बस्ती और मेरठ में अत्यधिक ठंडा दिन रिकॉर्ड किया गया।जबकि, खीरी, गोरखपुर, फरुर्खाबाद मुरादाबाद और शाहजहांपुर में ठंडा दिन रहा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक पारा तो राहत देगा लेकिन कोहरा अभी छाया रहेगा।बता दें कि 1 से 2 जनवरी को प्रदेश के बुंदेलखंड में बूंदाबांदी हो सकती है।वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के मुताबिक कानपुर, गोरखपुर, इलाकों में घने कोहरे के कारण दृश्यता शून्य रही। मुजफ्फरनगर में 10 मीटर, कुशीनगर में 150 मीटर, बनारस में 100 मीटर, आगरा में 40 मीटर दृश्यता रही। लखनऊ में 200 मीटर दृश्यता रिकॉर्ड की गई। मेरठ मुजफ्फरनगर में अधिकतम तापमान 13.1 से 13. 6 पहुंच गया।

## लखनऊ में तीन साल बाद सबसे अधिक ठंड

लखनऊ में अधिकतम तापमान 13.9 रहा।इससे पहले 2019 में 30 दिसंबर को तापमान 11.6 रिकॉर्ड हुआ था। उसके बाद के तीन वर्षों में अधिकतम तापमान क्रमशः 2020 में 18.6 डिग्री, 2021 में 17 डिग्री, 2022 में 17.01 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक फिलहाल ठंड बनी रहेगी।

## इन इलाकों में ऑरेंज अलर्ट

लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, हापुड़, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास कि इलाकों में घना कोहरा होने की संभावना है।

## इन इलाकों में येलो अलर्ट

प्रतापगढ़, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया,गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती,कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडनगर, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगंढ़, कासगंज, पीलीभीत, एवं आसपास के इलाकों में कोहरा होने की संभावना है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

नगराम।हुसैनाबाद गांव के पास बीते शुक्रवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी ।नगराम के दुल्हापुर गांव निवासी देशराज ने बताया उनका भाई रामराज (20 वर्ष)की पत्नी अंजली शुक्रवार की सुबह अपने बहनोई राजकमल के साथ मोहनलालगंज ले बलसिंहखेड़ा स्थित घर चली गयी थी ।बहनोई के घर पत्नी को लेने भाई रामराज अपनी बाइक से जा रहा था तभी हुसैनाबाद-गुमानीखेड़ा मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी? ।दुर्घटना में भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायल रामराज को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गयी,जहां डाक्टर ने उसकी हालत गम्भीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया ।जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजन उसे एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिये ट्रामा सेंटर लेकर गये ।जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया ।पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।शनिवार को पीएम के बाद युवक का शव घर पहुंचने पर कोहराम मच गया।

# एडीसीपी ने होटल व रेस्टोरेंट संचालको के साथ बैठक

**नववर्ष के जश्न को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को एडीसीपी दक्षिणी ने होटल व रेस्टोरेंट संचालको के साथ बैठक**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।नववर्ष के जश्न को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए दक्षिणी जोन पुलिस ने कमर कस ली है। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी थानों व पुलिस चौकी की फोर्स को 31 दिसंबर की सुबह से ही अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं ।पुलिस के जवान क्षेत्र भ्रमण कर अराजक तत्वों पर नजर रखेंगे ।शनिवार को दक्षिणी जोन पुलिस कार्यालय पर एडीसीपी शंशाक सिंह ने होटल,रेस्टोरेंट व ढाबो के संचालकों के साथ बैठक कर इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।एडीसीपी शंशाक सिंह ने कहा कि जश्न के नाम पर उपद्रव व हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस लगातार भ्रमणशील रहेगी। इस दौरान यदि किसी ने अराजकता फैलाने की कोशिश की तो उनके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि होटल रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउसों की सघन चेकिग होगी। इस दौरान कोई संदिग्ध व्यक्ति अथवा वस्तु मिलती है तो कार्रवाई होगी। नए साल की पार्टी के दौरान अराजकता होने पर संचालकों को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा। नव वर्ष पर तीन सवारी बिठाकर बाइक चलाने अथवा शराब के नशे में वाहन चलाने व तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों के वाहन सीज होंगे ।एडीसीपी ने नववर्ष की खुशी आनंद से मनाने, लेकिन सजग व सतर्क रहने की अपील की है ।एडीसीपी ने बैठक के दौरान होटल व रेस्टोरेंट संचालको की समस्याये सुनकर निस्तारण का आश्वासन भी दिया ।बैठक में सभी थाना क्षेत्रो के होटल व रेस्टोरेंट संचालक मौजूर रहें।

# प्यार का धागा टूटने नहीं देंगे, नफरत को जीतने नहीं देंगे- अजय राय

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ0 मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि यूपी जोड़ो यात्रा की शुरूआत आज ग्यारहवें दिन प्रदेश के जनपद बरेली से मिनी बायपास कर्मचारी नगर से हुई। यात्रा की शुरूआत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय ने कहा कि यात्रा का मूल्य उद्देश्य भाजपा द्वारा देश एवं प्रदेश में फैलाई जा रही नफरत को समाप्त कर अमन और मोहब्बत को स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता यहां पर सबको अपना धर्म मानने की स्वतंत्रता है।कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही संविधान को ही अपना पथ प्रदर्शक मान कर राजनीति करती रही है।

यात्रा की शुरूवात करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय हजारों की संख्या में कांग्रेस जनों के हुजुम के साथ निकले उनके साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश सह प्रभारी माननीय तौकीर आलम उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष माननीय दिनेश सिंह जी भी साथ में चले और यात्रा वाले नगर से किला क्रॉसिंग होते हुए तुला मियां के मजार शरीफ पहुंची वहां पर प्रदेश अध्यक्ष जी ने चादरपोशी की सिटी स्टेशन सब्जी मंडी चौपला चौराहा होते हुए सेठ दामोदर स्वरूप पार्क पहुंची वहां पर सेठ दामोदर स्वरूप जी की प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष जी ने माल्यार्पण किया उसके बाद यात्रा चौकी चौराहा स्थित कमिश्नरी पहुंची वहां पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मारक पर पुष्प अर्पित किए फिर माननीय प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी के नेतृत्व में यात्रीगण चौकी चौराहा स्थित गुरुद्वारा पहुंचे वहां पर अपने शीश नवाज उसके बाद यात्रा चौकी चौराहा स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की प्रतिमा पर किया फिर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके बाद माननीय प्रदेश अध्यक्ष जी चौकी चौराहा स्थित चर्च में गए वहां प्रार्थना कारी उसके बाद यात्रीगण हनुमान मंदिर पहुंचे वहां प्रदेश अध्यक्ष जी ने पूजा अर्चना करी फिर यात्रा आगे बढ़ते हुए नावेल्टी चौराहा स्थित पहलवान साहब के मजार शरीफ पर चादरपोशी की गई उसके बाद माननीय प्रदेश अध्यक्ष जी कोतवाली के सामने स्थित अंबेडकर पार्क गए मां बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर किया उसके बाद यात्रा कालीबाड़ी स्थित काली मंदिर पहुंची वहां पर माननीय प्रदेश अध्यक्ष जी ने पूजा की उसके बाद यात्रा समाज गण चौराहा होते हुए आजाद इंटर कॉलेज उसके बाद पुराना शहर के सैलानी चौराहा जगतपुर चौराहा जगतपुर पुलिस चौकी होते हुए बिसलपुर चौराहा पहुंचकर विश्राम हुआ और भोजन हुआ।

प्रवक्ता ने बताया कि यात्रा की शुरूआत यूपी जोड़ो यात्रा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एफ0आर0 कॉलेज में आयोजित कराकर की गई।प्रतियोगिता में लगभग 150 छात्रों ने हिस्सा लिया विजयी छात्रों को उपहार स्वरूप मोबाइल एवं बैग प्रदान किये गये। इस प्रतियोगिता का मूल्य उद्देश्य युवाओं को उनकी जड़ों से वाकिफ कराना है।व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी के दौर में छात्रों का सही इतिहास जानना देश की अखण्डता के लिए अति आवश्यक हे।

आज की पदयात्रा में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, विदित्त चौधरी, मकसूद खान, राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पांडे, संगठन महासचिव अनिल यादव, प्रदेश महासचिव सुशील पासी, ओमवीर यादव, प्रदेश चेयरमैन अल्पसंख्यक विभाग शाहनवाज आलम प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक, प्रदेश प्रवक्ता डॉ0 मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, डॉक्टर के० बी० त्रिपाठी, अभिमन्यु त्यागी, प्रदेश सचिव जनपद प्रभारी अजीत यादव, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, पूर्व विधायक मास्टर छोटे लाल गंगवार, जिला महासचिव जियाउर रहमान, मुराद बेग, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कृष्णकांत शर्मा, राजन उपाध्याय, प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप, तबरेज खान, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सरदार खां, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अलका सिंह, अकरम सैफी, सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

# अब पितृ विसर्जन की छुट्टी ले सकेंगे शिक्षक, बसंत पंचमी का अवकाश कटा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद के तहत संचालित विद्यालयों/ मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं अब पितृ विसर्जन की भी छुट्टी ले सकेंगे। वहीं पूर्व के वर्षों में बसंत पंचमी का भी अवकाश होता था, लेकिन इस साल छुट्टियों में इसे शामिल नहीं किया गया है। शासन ने शनिवार को नए साल 2024 की छुट्टियों का कैलेंडर जारी किया है। इसके अनुसार इस साल भी विद्यालयों में 32 दिन की छुट्टी स्कूलों के लिए निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त महिला शिक्षिकाओं को हरि तालिका तीज या हरियाली तीज, करवा चौथ, संकठा चतुर्थी व हलषष्ठी/ ललई छठ, जिउतिया व्रत/ अहोई अष्टमी का अवकाश देय होगा। नए साल में पितृ विसर्जन का भी अवकाश शिक्षक-शिक्षिकाओं को देय होगा। हालांकि बसंत पंचमी का अवकाश नए साल की छुट्टियों के कैलेंडर में नहीं है।साल 2023 में गणतंत्र दिवस-बसंत पंचमी एक ही दिन पड़ी थी। जबकि 2022 और 2021 में इसकी छुट्टी कैलेंडर में शामिल थी। वहीं माध्यमिक शिक्षा विभाग ने भी इसे अपनी छुट्टियों में शामिल किया है।बेसिक विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां 20 मई से 15 जून और जाड़े की 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक निर्धारित की गई है। स्कूलों का समय भी पूर्व की भांति रखा गया है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने कहा कि चूंकि सरकारी छुट्टियों में बसंत पंचमी का अवकाश नहीं था, इसलिए इसे कैलेंडर में नहीं शामिल किया गया है।

# यूपीः रोडवेज की चार हजार बसों में लगे पैनिक बटन, 20 जनवरी से मिलेगा सुविधा, प्रेस करते ही आएगी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, बसों में सफर करना और भी सुरक्षित हो गया है।एक बटन दबाने पर तत्काल पुलिस मदद के लिए पहुंच जाएगी।कुल चार हजार रोडवेज बसों में पैनिक बटन लगा दिए गए हैं। 20 जनवरी को इस सुविधा को लॉन्च करने की तैयारी है। अगले चरण में तीन हजार अनुबंधित बसों में भी पैनिक बटन लगाए जाएंगे।

वर्ष 2012 में निर्भया कांड के बाद बनाए गए निर्भया फंड की मदद से परिवहन निगम प्रशासन ने बसों की सुरक्षा को पुख्ता बनाने की योजना तैयार की। कुल 71 करोड़ रुपये के बजट से बसों में पैनिक बटन लगाने की योजना को अमलीजामा पहनाया। जापानी की कंपनी को पैनिक बटन लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।कंपनी ने रोडवेज की चार हजार बसों में पैनिक बटन लगा दिए हैं।जबकि पांच हजार बसों में इन बटनों को लगाया जाना है।शेष बसों में बीस जनवरी से पहले बटन लगा दिए जाएंगे।सूत्रों की मानें तो बीस जनवरी को भव्य समारोह कर इस सुविधा को जनहित में लॉन्च कर दिया जाएगा। इससे महिलाओं, बुजुर्गों व पीड़ितों को आसानी से मदद मिल सकेगी। इसके लिए परिवहन निगम मुख्यालय पर सेंट्रलाइज्ड कमांड रूम बनाया गया है।जबकि निगम के बीस परिक्षेत्रों में रीजनल कंट्रोल रूम बनाए गए हैं, जहां क्षेत्रीय स्तर पर यात्रियों को मदद मुहैया कराई जा सकेगी।

## हर बस में लगे दस बटन, 112 से होंगे कनेक्ट

परिवहन निगम अधिकारियों ने बताया कि निर्भया फंड से लगाए गए पैनिक बटनों से महिलाओं को बस में असुविधा होने पर तत्काल मदद मिलेगी।प्रत्येक बस में दस बटन लगाए गए हैं।जरूरत होने पर बटन दबते ही तत्काल सेंट्रलाइज्ड कमांड सेंटर व डायल 112 पर सूचना चली जाएगी, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंचेगी और पीड़ित की मदद करेगी।

## सौ एलईडी स्क्रीन भी लगेंगे, देंगी जानकारी

बसों में सुरक्षा के लिहाज से पैनिक बटनों को लगाया जाएगा। इसी क्रम में निर्भया फंड के पैसों से बस अड्डों पर सौ एलईडी स्क्रीन भी लगाई जाएंगी। ये स्क्रीन प्रदेश के 20 परिक्षेत्रों के डेढ़ सौ से अधिक बस अड्डों पर लगाई जाएंगी।इनसे यात्रियों को बसों के आवागमन की जानकारियां मिलेंगी।

## संक्षेप

### बाइकों की भिड़ंत में पूर्व सभासद घायल

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। औरास कस्बे के पूर्व सभासद अजय श्री वास्तव पुत्र राम नारायण श्रीवास्तव जो की देर शाम अपने घर से किसी काम से नर्सरी पुलिया पर आए थे तभी चकलवंसी तरफ से तेज रफ्तार बाइक सवार ने पूर्व सभासद को जोरदार टक्कर मार दी वही राहगीरों व स्थानीय लोगों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास लेकर जहां डाक्टरों ने पैर टूटा होने की वजह से लखनऊ के ट्रामा रेफर कर दिया।

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर वृद्ध घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। बाइक अनियंत्रित होने से वृद्ध गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुची पीआरवी पुलिस ने घायल को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने गम्भीर हालात देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा ऊगू के मोहल्ला मझखोर निवासी सरोजकांत पुत्र बाबूराम 65 वर्ष किसी कार्य से बाइक से उन्नाव गए थे। जहां से वापस आते समय हरदोई - उन्नाव मुख्यमार्ग पर हुलासी कुवां के समीप बाइक अनियंत्रित हो गयी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुची पीआरवी ने घायल को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पेड़ की डाल के नीचे दबकर युवक की हुई दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहान बांगरमऊ मार्ग पर सड़क किनारे खड़े यूके लिप्टस की लकड़ी काटते समय डाल गिरने से दबे युवक की ऊपर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को 40 फिट ऊपर पेड़ से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर गांव के रहने वाले 32 वर्षीय रंजीत सिंह सर्दी में आग तापने व भोजन बनाने के मोहान बांगरमऊ सड़क किनारे खड़े सरकारी यूकेलिप्टस के पेड़ पर 40 फुट ऊपर चढ़कर डाल को काट रहा था। तभी डाल के नीचे दब जाने से पेड़ के ऊपर ही उसकी मौत हो गई है। जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलवाकर सीढ़ियों के सहारे शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई है। रंजीत लखनऊ जाकर मजदूरी का काम करता था। मृतक रंजीत तीन भाईयों में बड़ा था। छोटे धर्मपाल व विजित विवाहित है। मृतक रंजीत के एक 9 वर्षीय बेटी सेजल है। मौत से पत्नी सरला सहित मां कुंती का रो-रोकर बेहाल है। इंस्पेक्टर राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पेड़ की डाल काट रहे युवक की दबकर मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम भेज आवश्यक कार्रवाई की गई है।

# सड़क सुरक्षा संगोष्ठी का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के इन्दिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महाविद्यालय की प्राध्यापिका सविता राजन ने कहा कि सर्दी के मौसम में घने कोहरे के कारण दृश्यता बहुत ही कम रह जाती है। जिस कारण मार्गों पर दुर्घटनाएं अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाती हैं।

उन्होंने खास तौर पर वाहन चालकों को सुझाव दिया कि दुर्घटनाओं से बचाव हेतु वाहन में फाग लाइट अवश्य लगवा लें। आपका जीवन आपके परिवार के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुरक्षित वाहन चलाये, सुरक्षित घर पहुंचे। संगोष्ठी के बाद महाविद्यालय प्रांगण में छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। साथ ही महाविद्यालय प्रांगण से सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली भी रवाना की गई। रैली में नीरज, अमानी, कोमल, निशा, नंदिनी, प्रियांशी, सरोज, नितिन, आस्था आदि सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने ₹सुरक्षा के साथ समझौता, दुर्घटनाओं को न्यौता, दुर्घटना से देर भली, सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, हेलमेट लगायें, जान बचायें आदि नारे लगाकर आम जनमानस को जागरुक किया। रैली के दौरान छात्र छात्राओं ने बिना हेलमेट चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट के महत्व को समझाया। जबकि चौपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट अवश्य लगाने, सड़क के बायीं ओर चलने, गति पर नियंत्रण रखने व शराब पीकर वाहन न चलाने आदि संदेश दिए गए। संगोष्ठी में डॉ0 दिग्विजय नरायन, सविता राजन, डॉ0 शैलजा त्रिपाठी, संदीप कुमार अवस्थी, कन्हैया लाल, बसन्त लाल मौर्य व जितेन्द्र कुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्रायें शामिल रहीं।

# क्षेत्राधिकारी ने शराब की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाने के अंतगर्त आने वाली शराब की दुकानों का क्षेत्राधिकारी मायाराय ने औचक निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी मायाराय के साथ आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह, थाना बारासगवर प्रभारी दिलीप कुमार प्रजापति भी मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी बीघापुर मायाराय ने धानीखेड़ा, खरझारा, बारासगवर, रिसालखेड़ा, कुम्भी आदि जगहों की देसी व विदेशी शराब विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण कर निर्देशित करते हुए कहा ग्राहकों से निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य न लिया जाए। दुकानों में अच्छी क़्वालिटी के सीसीटीवी लगा कर सूचित किया जाए। दुकान खुलने व बंद होने का शासन द्वारा निर्धारित समय ध्यान में रखा जाय। किसी भी प्रकार की मिलावट की शिकायत पर दुकान के अनुबंध को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। दुकानों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। मौके पर अंग्रेजी व देशी शराब दुकानो के स्टॉक रजिस्टर भी चेक कर मिलान किया गया व शराब की बोतलों की पैकिंग भी चेक की गयी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि विधायक बम्बालाल दिवाकर ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। ब्लॉक क्षेत्र के सराय सकहन गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर ने लोगो को बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य ध्येय हर उस व्यक्ति तक पहुंचने का है, जो किसी कारण वश भारत सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं से वंचित रहा है। इस दौरान उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रमाणपत्र वितरित कर उनके द्वारा लगाए गये स्टालों का अवलोकन किया गया एवं सभी को राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण एवं कृतज्ञता के भाव से आदर्श नागरिक के दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प दिलाया गया तथा उपस्थित देवतुल्य जनता को

# खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। शनिवार को अमर शहीद राम लखन सिंह स्मारक विद्यालय महेश खेड़ा उन्नाव में आयोजित 4 दिवसीय खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन कई प्रकार के खेलो का आयोजन किया गया।

क्रिकेट प्रतियोगिता मे कक्षा 12 एवं कक्षा 9 की टीमें फाइनल मे पहुंची जिसमें कक्षा 12 की टीम विजयी घोषित हुई। उसके बाद साँस्कृतिक कार्यक्रम के दौर मे कई बच्चों ने भाग लिया। इसी तरह की अन्य कई प्रतियोगिताओं में जैसे मेंहदी, मटकी सज्जा, ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़ प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता आदि कई खेलों मे विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों का पूर्व प्रधानाचार्य आदित्य सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बीघापुर प्रकाश सिंह, भोले प्रधान, ब्लॉक प्रमुख पति पवन पासवान, वेद पैथोलॉजी संचालक सतीश चौहान, टैटू सिंह माधवपुर, रिंकू सिंह अहिरौरा एवं आए हुए अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।


विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप पटेल ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

विद्यालय प्रबंधक सगुन सिंह ने अपने पिता के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्षेत्र को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम युवाओं की है, जिसमें बुजुर्गों का आशीर्वाद आवश्यक है।

इस कार्यक्रम से बच्चों को निश्चित ही एक नई दिशा मिलती है, एवं उनमे एक नई ऊर्जा का संचार होता है। इस दौरान विद्यालय परिवार के सहायक शिक्षक अरुण यादव, अनूप तिवारी, योगेश वर्मा, प्रदीप सिंह, अखिल, उमाकांत एवं अन्य शिक्षक साथी मौजूद रहे।

# लकी ड्रा में नगर के लाल ने मारी बाजी

अमन लेखनी समाचार




औरास, उन्नाव। आदर्श नगर पंचायत औरास के निवासी व समाजसेवी पवन कुमार शर्मा ने कुछ दिनों पूर्व उन्नाव संडीला रोड पर औरास के निकट इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड मंडल कानपुर के द्वारा पेट्रोल पंप को खोलने के लिए आवेदन मांगे गए थे जिसमें उपरोक्त पेट्रोल पंप के डीलरशिप के लिए 19 लोगों ने आवेदन किया था आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद लकी ड्रा का आयोजन कोका-कोला चौराहा के निकट एक होटल में इंडियन मिल कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा किया गया जिसमें बीते शुक्रवार को देर रात्रि लकी ड्रा के जरिए लॉटरी निकाली गई जिसमें औ रास कस्बा के निवासी व पत्रकार पवन कुमार शर्मा का नाम चयनित हुआ जैसे ही यह खबर क्षेत्रीय लोगों में पहुंची तो मानो खुशी की लहर दौड़ पड़ी वही बधाई देने वालों का तांता उनके घर पर लगा रहा वहीं मुख्य रूप से मौजूद उमेश मौर्य दिनेश यादव मुकेश जायसवाल विनोद रावत पूर्व सभासद फहीम डॉक्टर फुरकान गौरव पांडेय महेंद्र सिंह मोनू गुप्ता महेंद्र पासी सतीश त्रिपाठी रोहित कनौजिया पंकज शर्मा सुनील शर्मा बच्चन के अलावा अन्य सामाजिक व क्षेत्रीय लोगो ने एक दूसरे को मिठाई खिला धन्यवाद प्रेषित किया।

# पैदल जा रही युवती को डंफर ने रौंदा हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे के उन्नाव बाईपास के पास पैदल जा रही युवती को तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने डंपर के चालक को दौड़ा कर पकड़ा। घटना की सूचना दही थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वही डंपर और चालक को हिरासत में लेने के साथ ही मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

जानकारी के अनुसार दही थाना क्षेत्र के बाईपास के पास स्थित होटल शिवा इन्के सामने थाना कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी के रहने वाले अनिल कुमार की 20 वर्षीय बेटी मोनिका नवीन मंडी स्थित किसी दुकान में काम करती थी। आज सुबह नवीन मंडी जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहा है तेज रफ्तार डंपर ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद डंपर चालक डंपर लेकर भागने लगा तो आसपास में मौजूद लोगों ने उसे करीब दो सौ मीटर तक दौड़ाया। मशक्कत करने के बाद चालक को पकड़ा। उधर हादसे की जानकारी दही थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही दही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही डंपर और चालक को हिरासत लेकर चालक से पूछना शुरू की है। हादसे की जानकारी पुलिस ने मृतक युवती के परिजनों को दी है। स्थानीय लोगों की माने तो डंपर का चालक भयंकर नींद में था। जिसके चलते यह हादसा हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

# पांच दिवसीय नोडल शिक्षक प्रशिक्षण का हुआ समापन



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड ब्लॉक संसाधन केंद्र के सभागार परिसर में पांच दिवसीय नोडल शिक्षक प्रशिक्षण का समापन हुआ प्रशिक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में एक सैकड़ा शिक्षकों को दिव्यांग का परिचय शिक्षण अधिगम सामग्री दिव्यांग बच्चों हेतु प्रोत्साहन सुविधा बच्चों की शारीरिक बाधाओं की स्क्रीनिंग आदि अनेक बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया अनुभवी प्रशिक्षण सन्दर्भ दाता अजीत कुमार राजकुमार एवं पूनम वर्मा द्वारा यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न किया गया प्रशिक्षण अंतर्गत शिक्षक अमित कुमार मीनाक्ष देव शैलेंद्र सचान कमल किशोर मयंक कटियार दीपा वर्मा प्रतिमा उमराव आदि सभी मौजूद रहे

# जन्म-जन्मांतर बाद मिलता है भागवत कथा सुनने का अवसर: राजेश अवस्थी



अमन लेखनी समाचार/अभिषेक तिवारी

बकेवर, फतेहपुर। जनपद के देवमई विकासखंड के बकेवर कस्बे में चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन सरस कथा वाचक पंडित राजेश अवस्थी ने मंच के माध्यम से पावन कथा का गुणगान किया विराम दिवस की कथा में कथा व्यास ने बताया कि भगवान कृष्ण एवं बलराम को लेकर मंत्री अक्रूर मथुरा पहुंचे जहां अनेकों राक्षसों का वध करते हुए अत्याचारी राजा कंस का वध करके माता देवकी तथा वासुदेव को कारागार से मुक्त किया चलती कथा में उद्धव गोपी प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया गया जहां उद्धव जी गोकुल पहुंचकर गोपिकाओं को अध्यात्म चिंतन की ओर अग्रसर कर रहे थे वहीं गोपिकाओं ने कहा उद्धव मन न भये दस बीस, वहीं देर शाम कृष्ण सुदामा की मित्रता का पावन चरित्र भक्तों को कथा व्यास ने सुना कर भाव विभोर कर दिया कथा विराम होने पर व्यवस्थापक शिवकरण निषाद दिनेश त्रिवेदी श्रीकांत निषाद नीरज तिवारी प्रभात तिवारी आदि सभी भक्तों ने महा आरती कर प्रसाद ग्रहण किया।

# कस्बे में गरीब और असहाय लोगों को किये गये कम्बल वितरित, कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिले



अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर कस्बा बानपुर में गरीब और असहाय लोगों को कम्बल वितरित किये गये। कम्बल पाकर उक्त लोग प्रसन्नचित नजर आये समूचे उत्तर भारत में सर्द हवाओं के प्रकोप के कारण बुन्देलखण्ड में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है इसी को दृष्टिगत रखते हुऐ शासन की मंशा के अनूरूप निर्धन व असहाय लोगों को ठंड से बचाने के भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज कस्बा बानपुर में राजस्व विभाग द्वारा लेखपाल रवि प्रताप सिंह पायक के द्वारा गरीब व असहाय लोगों को कम्बल वितरित किये गये। कम्बल पाकर गरीब व जरूरतमंद प्रसन्न नजर आये।

इस अवसर पर रवि प्रताप सिंह पायक ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार शासन की हर योजना का लाभ हर गरीब व पात्र व्यक्ति को दिया जायेगा। इस अवसर पर वीरेन्द्र सिंह गहरवार एडवोकेट, केशव प्रसाद बंशकार, शिव सहरिया, एवं सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सिंचाई रहे हैं मजदूर की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोहरारी में एक 50 वर्षीय अधेड़ रामऔतार पाल पुत्र अच्छेलाल की सिंचाई करते समय तबीयत खराब हो गई भीषण सर्दी के चलते तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए जहां सुबह 5 बजे किसान की मौत हो गई यह जानकारी जैसे ही पारिवारिक जनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन अमौली चौकी इंचार्ज संदीप कुमार तिवारी ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु शव विच्छेदन गृह फतेहपुर के लिए रवाना किया।

# गरम तहरी और गरम कपड़े के साथ बांटी गई खुशी



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। तेरह वर्षों से ज्यादा समय से संचालित रोटी कपड़ा बैंक उन्नाव के कार्यकताओं ने साप्ताहिक सेवा कैम्प के माध्यम से गरम लजीज तहरी, ब्रेड, बिस्कुट, टोस्ट के साथ गरम कपड़े जरूरतमंदों को देकर खुशियां बांटी। मोती नगर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में संस्था के पदाधिकारियों ने लगभग 5 घंटे गरमागरम तहरी और अन्य सामग्री बांटे और जरूरतमंदों और उनके परिजनों के लिए सुंदर गरम कपड़े देकर दुआएं अर्जित की। संस्था के संथापक और रेड क्रॉस उन्नाव के उप सभापति डॉ मनीष सिंह सेंगर, संस्थापक सदस्यों दुर्गेश दीक्षित, प्रियंक अनुराग मिश्रा, राहुल कश्यप, अनुराग मोहन वर्मा, पवन निगन, आशीष निगम, मनोज अवस्थी, संजय चौरसिया, समाजसेवी अनूप चौधरी, पंकज मिश्रा, प्रीति चौधरी, सपना कुशवाहा, गीता मिश्रा, शैलेन्द्र त्रिवेदी, नीरज द्विवेदी, अनूप शुक्ला आदि ने अलग अलग मोहल्लों से भोजन और कपड़े इकट्ठा कर वितरित करने में सक्रिय भागीदारी के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों से साप्ताहिक कैम्प में सहयोग की अपील की

# 6 लोगों का शांति भंग में हुआ चालान




अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर के थाना सुल्तानपुर घोष से उप निरीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा 05 अभियुक्त राजू पुत्र राजाराम उम्र 24 वर्ष, संदीप कुमार पुत्र पुत्तन लाल उम्र 22 वर्ष, अशोक कुमार पुत्र शिवदास साहू उम्र 45 वर्ष निवासीगण अल्लीपुर भादर थाना सुल्तानपुर घोष, मूलचंद मिश्रा पुत्र स्वर्गीय वासुदेव मिश्रा 59वर्ष व धर्मेंद्र कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 वासुदेव मिश्रा उम्र 50 वर्ष निवासीगण प्रेम नगर थाना सुल्तानपुर को व उप निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा 01 अभियुक्त जफर अली पुत्र वली मोहम्मद निवासी चकहैबतपुर थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर को अंतर्गत धारा 151/1071/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान एसडीएम न्यायालय खागा किया गया।

चिंतन

## कोरोना के नए वैरिएंट से घबराए नहीं, सतर्क रहें

एक बार फिर कोरोना पांव पसारने लगा है। अब इसका नया वैरिएंट जेएन वन देशभर के आठ राज्यों में फैल गया है। इसके कुल 109 केस मिले हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 36 केस गुजरात में पाए गए। देश में पिछले 24 घंटे में इस वैरिएंट के 40 मरीज मिले हैं। देश में कोरोना के रोजाना 400 से 600 केस आ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में 529 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई, 603 मरीज ठीक हुए और 3 की मौत हुई है। इससे पहले सोमवार को 638, जबकि मंगलवार को 412 नए मरीज मिले थे। फरवरी 2020 में देश में पहला कोरोना पॉजिटिव पाया गया था। तब से अब तक देश में 4.50 करोड़ लोग इस वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। 4.44 करोड़ ठीक हुए हैं। जबकि 5.33 लाख की मौत हुई है। राहत की बात है कि नया वैरिएंट आने के बाद हॉस्पिटलाइजेशन रेट में बढ़ोतरी नहीं हुई है। नए वैरिएंट को लेकर आईसीएमआर की पूर्व महानिदेशक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने सतर्क रहने को कहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि कोरोना का नया वैरिएंट अब तक 41 देशों में फैल चुका है। फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और स्वीडन में मामले सबसे ज्यादा हैं। सभी केसेज हल्के लक्षण हैं। इससे लोगों को ज्यादा खतरा नहीं है। इसके बावजूद सतर्क रहना बहुत जरूरी है। वैसे तो कोरोना की पिछली लहरों के मुकाबले यह गंभीर नहीं है, लेकिन शुरू में धीरे और फिर तेजी से फैलाव की इसकी प्रवृत्ति को देखते हुए किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा सकती। इसीलिए सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया है। बुधवार को राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने टेस्टिंग बढ़ाने, सर्विलांस सिस्टम को मजबूत करने और सभी केसों की रिपोर्टिंग करने पर जोर दिया। महामारी शुरू होने के बाद से ही हम कोरोना के चले जाने और इसके फिर से आ धमकने की घोषणाएं सुनते रहे हैं। यह बात समझने की है कि कोरोना वायरस कभी गया नहीं था। न ही यह जाएगा। यह हमारे इकोसिस्टम का हिस्सा बन चुका है और यहीं बना रहेगा। समय-समय पर इसके नए-नए वेरिएंट आते रहेंगे और हमें उनसे बचने और निपटने के तरीके अपनाते रहने होंगे। कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर जब नए वायरस की जीनोम एनालिसिस बढ़ेगी तो इसके व्यवहार से पता चलेगा कि इसकी संक्रामक और मारक शक्ति कितनी कम या ज्यादा है। लेकिन अब तक अन्य देशों के अनुभव से ऐसा नहीं लगता कि इसकी मारक शक्ति ज्यादा है। अगर संक्रमण तेजी से फैलता है तो भी इसका वास्तविक असर इस बात पर निर्भर करेगा कि अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या ज्यादा है या नहीं। अगर असर ज्यादा भी नहीं है तब भी सावधानी बहुत जरूरी है। दो-तीन दिनों का हल्का खांसी-बुखार भी लोगों की सेहत पर असर डालता है। ऐसे में इसे हलके में लेने का कोई कारण नहीं है। अच्छी बात यह है कि जानकारों के मुताबिक चाहे नया सब-वेरिएंट हो या कोरोना के पुराने वेरिएंट, फेस मास्क इससे बचाव का कारगर साधन है। इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनना और अन्य सावधानियां बरतना हमें बड़ी परेशानियों से बचा सकता है। हमें इसे लेकर अभी से चौकस रहने की जरूरत है। सरकार अपने स्तर पर बचाव के प्रयास कर रही है, लेकिन जब तक हर आदमी जागरुक नहीं होगा तब तक हालात से निपटना कठिन हो सकता है। इसलिए अगर जरुरत न हो तो भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें। दो गज दूरी के निर्देश का पालन करें।

# मुश्किलों से आगे बढ़ी आर्थिकी



अर्थशास्त्र

डॉ. जयंतीलाल भंडारी


विभिन्न आर्थिक चुनौतियों के बीच वर्ष 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने कई मोर्चों पर बेहतर प्रस्तुतिकरण दिखाया है। कारोबारी और वित्तीय परिदृश्य व्यापक तौर पर विस्तार को लेकर आशावादी रहा और विकास मूलक संकेत देते हुए मजबूत बैलेंस शीट प्रस्तुत करता रहा। विनिर्माण, खनन, निर्माण तथा औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हुई है। खासतौर से मैन्युफैक्चरिंग, कृषि, कंस्ट्रक्शन, सीमेंट, इलेक्ट्रीसिटी, होटल, ट्रांसपोर्ट, ऑटो मोबाइल, फॉर्मा, केमिकल, फूड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, साइबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड, आदि क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के मौके बढ़ते हुए दिखाई दिए।

इन दिनों जब वर्ष 2023 अपने अंतिम सौपान पर है, तब देश के आर्थिक इतिहास में यह इबारत लिखी जा रही है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2023 में आर्थिक मुश्किलों तथा चुनौतियों का सामना करते हुए दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित हुई है। बीत रहे वर्ष में भारत के आर्थिक परिदृश्य पर प्रमुखतया रोजगार, रुपए की कीमत, विदेशी मुद्रा भंडार, देश पर विदेशी कर्ज, व्यापार घाटा, मानव विकास सूचकांक चिंताजनक आर्थिक मुद्दे रहे हैं। बीत रहे वर्ष में महंगाई के मोर्चे पर मुश्किलें लगभग वर्ष भर बनी रहीं। वर्ष 2023 में भारत मानव विकास सूचकांक में पीछे दिखाई दिया। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के द्वारा प्रकाशित मानव विकास सूचकांक में 189 देशों की सूची में भारत 132वें पायदान पर पाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक जीवन प्रत्याशा, स्वास्थ्य व शिक्षा की बड़ी चुनौतियां भारत के समक्ष बनी हुई है। दुनिया में प्रतिव्यक्ति आय के मामले में भी भारत की स्थिति 129वें क्रम पर परिलक्षित हुई।

निश्चित रूप से विभिन्न आर्थिक चुनौतियों के बीच भी वर्ष 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने कई मोर्चों पर बेहतर प्रस्तुतिकरण दिखाया है और भारत की कई आर्थिक उपलब्धियां दुनियाभर में रेखांकित हुई। कारोबारी और वित्तीय परिदृश्य व्यापक तौर पर विस्तार को लेकर आशावादी रहा और विकास मूलक संकेत देते हुए मजबूत बैलेंस शीट प्रस्तुत करता रहा। विनिर्माण, खनन, निर्माण तथा औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हुई है। खासतौर से मैन्युफैक्चरिंग, कृषि, कंस्ट्रक्शन, सीमेंट, इलेक्ट्रीसिटी, होटल, ट्रांसपोर्ट, ऑटो मोबाइल, फॉर्मा, केमिकल, फूड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, साइबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड, आदि क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के मौके बढ़ते हुए दिखाई दिए। मुद्रास्फीति मौद्रिक प्रयासों से नियंत्रण में रही। कर राजस्व में सुधार हुआ । सेंसक्स और निफ्टी नई ऊँचाइयों पर पहुँच गए।

गौरतलब है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास की गाथा का परचम फहराने वाली जो सबसे महत्वपूर्ण बात दुनिया के कोने-कोने में रेखांकित हुई है, वह है वर्ष 2023 में घरेलू अर्थव्यवस्था की तेज ग्रोथ से भारत ब्रिटेन को पीछे करते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। फिलहाल दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका है। जिसके बाद चीन, जापान और जर्मनी का स्थान आता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में भारत 142 करोड़ से अधिक जनसंख्या के साथ दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है। चीन की जनसंख्या भारत के बाद दूसरे क्रम पर है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) सहित दुनिया की कई रेटिंग एजेंसियों ने वर्ष 2023 में भारत की 6.3 फीसदी से अधिक विकास दर के अनुमान प्रस्तुत किए हैं।

भारत की अध्यक्षता में वर्ष 2023 में जी-20 के प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन के बाद अब भारत से निर्यात, भारत में विदेशी निवेश, भारत में विदेशी पर्यटन और भारत के



डिजिटल विकास का नया क्षितिज सामने आएगा। जहाँ प्राकृतिक संपदा संपन्न अफ्रीकी संघ को जी-20 में शामिल कराकर भारत ने इन देशों से नए आर्थिक लाभों की उम्मीदों को बढ़ाया है, वहीं जी-20 में घोषित हुए भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कारिडोर (आईएमईसी) के माध्यम से चीन को चुनौती देते हुए दुनिया में रेल एवं जल मार्ग से भारतीय कंपनियों के लिए नए अवसरों की भारी संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। जी-20 के बाद अब भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी तेजी से बढ़ेगा । वर्ष 2023 में भारत नए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दिया है।

बीत रहे वर्ष में भारत दुनिया में सर्वाधिक डिजिटल पेमेंट ट्रांजेक्शन वाले देश के रूप में रेखांकित हुआ है। यह भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2023 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 2000 रुपये के नोट को चलन से बाहर करने के बाद बैंक की जमा पूंजी में भारी वृद्धि हुई। रिजर्व बैंक ने इन्हें बदलने के लिए 7 अक्टूबर का समय दिया था। दिसंबर 2023 तक 97 फीसदी से अधिक नोट बैंकों में वापस आ गए। 8 साल पहले भी हुई 500-1000 रुपए की नोटबंदी से 99 फीसदी नोट वापस आ गए थे। 2000 रुपये के नोटों की वापसी के बीच बैंक जमा पूंजी छह साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचते हुए 191 लाख करोड़ रुपए से अधिक पर पहुँच गई। यह बात भी भारत के आर्थिक घटनाक्रम पर रेखांकित हो रही है कि वर्ष 2023 में भारत राजकोषीय घाटा नियंत्रण में सफल रहा है। वर्ष 2023 में केंद्र सरकार राजकोषीय घाटे के निर्धारित लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.9 फीसदी तक सीमित रखने में सफल रही है।

यदि हम देश में 2023 के रोजगार परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि रोजगार की स्थिति संसद की बहस से लेकर युवाओं की चिंता का कारण बनी रही। वर्ष 2023 में वैश्विक सुस्ती के कारण जो-जो उद्योग-कारोबार प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए वहाँ रोजगार के कम मौके निर्मित हुए। लेकिन गिग अर्थव्यवस्था और असंगठित सेक्टर में मौके बढ़ने से बेरोजगारी दर जो 2017-18 में छह फीसदी थी वह 2022-23 में घटकर 3.2 फीसदी रही। जहाँ वर्ष 2023 में आईटी बाजार की रोजगार तस्वीर बदल गई और बड़ी संख्या में कर्मचारियों को नौकरी छोड़नी पड़ी तथा नई नियुक्ति का अनुपात भी घट गया वहीं विमानन और फार्मा जैसे सेक्टरों में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ी।

यद्यपि भारत ने वर्ष 2023 में वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच निर्यात बढ़ाने व आयात घटाने के अधिकतम प्रयास किए। लेकिन फिर भी बीत रहे वर्ष में निर्यात तेजी से नहीं बढ़ पाए तथा विदेशी मुद्रा की अन्य साधनों से कमाई भी कम रही, इससे व्यापार घाटा बढ़ा। बीत रहे वर्ष में रुपया वर्षभर लुढ़कता रहा, वर्ष 2023 में अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति को सख्त बनाए जाने से डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर लुढ़ककर 84 के स्तर पर पहुँच गया। वर्ष 2023 के शुरूआती महीनों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट आई। इस गिरावट का कारण निर्यात में कमी, आयात में वृद्धि व डॉलर की तुलना में रुपए को थामने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा आवश्यकता के अनुरूप विदेशी मुद्रा कोष में संचित डॉलर की बिक्री किया जाना भी रहा। फिर भी दिसंबर 2023 में विदेशी मुद्रा कोष कुछ बढ़कर करीब 616 अरब डॉलर से अधिक के स्तर पर पहुँच गया।

देश पर विदेशी कर्ज भी वर्ष 2023 में सरकार की चिंता का कारण रहा। वस्तुतः बीत रहे वर्ष 2023 ने नए वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भी नई उजली संभावनाओं की विरासत सौंपी है।

खोज


शैलजा सिंह



## नया सुपरकंप्यूटर खोलेगा मानव मस्तिष्क का रहस्य

कंप्यूटर की दुनिया तेजी से बदल रही है। नित नई खोज इसे और भी शक्तिशाली बना रही है। अब एक सुपरकंप्यूटर वर्ष 2024 के अप्रैल माह में ऑनलाइन होने वाला है, जिसके बारे में ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं का कहना है कि यह मानव मस्तिष्क में गतिविधियों की अनुमानित दर को टक्कर देगा। डीपसाउथ नामक मशीन प्रति सेकंड 228 खरब गतिविधियां करने में सक्षम है। यह दुनिया का पहला सुपर कंप्यूटर है जो मानव मस्तिष्क के पैमाने पर न्यूरॉन्स और सिनैप्स (प्रमुख जैविक संरचनाएं जो हमारे तंत्रिका तंत्र को बनाते हैं) के नेटवर्क का अनुकरण करने में सक्षम है। डीपसाउथ न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटिंग नामक एक दृष्टिकोण से संबंधित है, जिसका उद्देश्य मानव मस्तिष्क की जैविक प्रक्रियाओं की नकल करना है। इसे वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल सेंटर फॉर न्यूरोमॉर्फिक सिस्टम्स से चलाया जाएगा।हमारा मस्तिष्क सबसे अद्भुत कंप्यूटिंग मशीन है। अपनी कंप्यूटिंग शक्ति को अरबों छोटी इकाइयों (न्यूरॉन्स) में वितरित करके, जो खरबों कनेक्शनों (सिनैप्स) के माध्यम से परस्पर क्रिया करती हैं, मस्तिष्क दुनिया के सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटरों को टक्कर दे सकता है, जबकि इसके लिए केवल एक फ्रिज लैंप बल्ब द्वारा उपयोग की जाने वाली समान शक्ति की आवश्यकता होती है। इसके लिए सुपर कंप्यूटर आम तौर पर बहुत अधिक जगह लेते हैं और उन्हें चलाने के लिए बड़ी मात्रा में विद्युत शक्ति की आवश्यकता होती है। दुनिया का सबसे शक्तिशाली सुपरकंप्यूटर, हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज फ्रंटियर, प्रति सेकंड केवल एक कुइनटिलियन (एक के बाद 18 शून्य) से अधिक ऑपरेशन कर सकता है। यह 680 वर्ग मीटर (7,300 वर्ग फुट) जगह में समाता है और इसे चलाने के लिए 22.7 मेगावाट (मेगावाट) की आवश्यकता होती है। हमारा दिमाग सिर्फ 20 वॉट बिजली के साथ प्रति सेकंड समान संख्या में ऑपरेशन कर सकता है, जबकि वजन सिर्फ 1.3 किलोग्राम-1.4 किलोग्राम होता है। अन्य बातों के अलावा, न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटिंग का लक्ष्य इस अद्भुत दक्षता के रहस्यों को उजागर करना है।30 जून 1945 को, गणितज्ञ और भौतिक विज्ञानी जॉन वॉन न्यूमैन ने एक नई मशीन, इलेक्ट्रॉनिक डिस्क्रीट वेरिएबल ऑटोमैटिक कंप्यूटर (एडवैक) के डिजाइन का वर्णन किया। इसने आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक कंप्यूटर को प्रभावी ढंग से परिभाषित किया जैसा कि हम जानते हैं। स्मार्टफोन, लैपटॉप और दुनिया का सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर, सभी में लगभग 80 साल पहले वॉन न्यूमैन द्वारा पेश की गई एक ही मौलिक संरचना है। इन सभी में अलग-अलग प्रोसेसिंग और मेमोरी इकाइयाँ होती हैं, जहाँ डेटा और निर्देश मेमोरी में संग्रहीत होते हैं और एक प्रोसेसर द्वारा गणना की जाती है। दशकों तक, माइक्रोचिप पर ट्रांजिस्टर की संख्या लगभग हर दो साल में दोगुनी हो जाती थी, इस अवलोकन को मूर के नियम के रूप में जाना जाता है। इससे हमें छोटे और सस्ते कंप्यूटर बनाने में मदद मिली। हालाँकि, ट्रांजिस्टर का आकार अब परमाणु पैमाने के करीब पहुँच रहा है। इन छोटे आकारों में, अत्यधिक गर्मी उत्पादन एक समस्या है, जैसा कि क्वांटम टनलिंग नामक एक घटना है, जो ट्रांजिस्टर के कामकाज में हस्तक्षेप करती है। यह धीमा हो रहा है और अंततः ट्रांजिस्टर लघुकरण को रोक देगा। इस समस्या को दूर करने के लिए, वैज्ञानिक कंप्यूटिंग के नए तरीकों की खोज कर रहे हैं, जिसकी शुरुआत उस शक्तिशाली कंप्यूटर से हो रही है जिसे हम सभी ने अपने सिर, यानी मानव मस्तिष्क में छिपा रखा है। हमारा दिमाग जॉन वॉन न्यूमैन के कंप्यूटर मॉडल के अनुसार काम नहीं करता है। उनके पास अलग-अलग कंप्यूटिंग और मेमोरी क्षेत्र नहीं हैं। इसके बजाय वे अरबों तंत्रिका कोशिकाओं को जोड़कर काम करते हैं जो विद्युत आवेगों के रूप में जानकारी संचारित करते हैं। 1980 के दशक के उत्तरार्ध से, वैज्ञानिक इस मॉडल को कंप्यूटिंग में आयात करने के इरादे से इसका अध्ययन कर रहे हैं। न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटर सरल, प्राथमिक प्रोसेसर (जो मस्तिष्क के न्यूरॉन्स और सिनैप्स की तरह कार्य करते हैं) के जटिल नेटवर्क पर आधारित होते हैं।

## आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित

दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा। *-स्वामी मैथिलीशरण*

## किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित

प्रेरणा

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

अंतर्मन




आज की पाती

### भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था उन्नत राष्ट्र की रीढ़

भ्रष्टाचार हमारे समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। भ्रष्टाचार जैसी सामाजिक बुराई चारों तरफ फैल कर दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भ्रष्टाचार होता क्या है, इसके बारे में जानना सबसे ज़्यादा जरूरी है। भ्रष्टाचार दो शब्दों से मिल कर बना है भ्रष्ट और आचार, भ्रष्ट का अर्थ है बुराई और आचार का अर्थ है व्यवहार। भ्रष्टाचार सबसे ज़्यादा युवा पीढ़ी को प्रभावित कर रहा है। कम समय में जल्दी सफलता पाने की आस में लोगों में ग़लत काम करने की लालसा पनप जाती है और युवा पीढ़ी अपने सपनों को जल्दी साकार करने की होड़ में भ्रष्टाचारी लोगों का साथ देती है। भ्रष्ट ही भ्रष्ट का साथ देता है। भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था उन्नत राष्ट्र की रीढ़ होती है। अत: भ्रष्टाचार खत्म होना चाहिए।

*- कमल वर्मा, बिलासपुर*

करंट अफेयर

## किम जोग उन ने देश की उपलब्धियों की प्रशंसा की

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने वर्ष 2024 के लिए नीति लक्ष्य निर्धारित करने के वास्ते एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बैठक की। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2023 में राष्ट्रीय शक्ति को मजबूत करने और देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाली उपलब्धियों और सफलताओं की प्रशंसा की। विशेषज्ञों ने कहा कि सत्तारूढ़ 'वर्कर्स पार्टी' की साल के अंत में होने वाली पूर्ण बैठक के दौरान उत्तर कोरिया संभवत: हथियारों के विकास में अपनी प्रगति का प्रचार करेगा, क्योंकि देश में लगातार अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और महामारी से संबंधित आर्थिक कठिनाईयों के बीच आर्थिक उपलब्धियों का अभाव है।



ऑफ बीट


## सड़कों के किनारे लगे स्पीड कैमरे कैसे काम करते हैं

सुरक्षा कैमरों का उपयोग पहली बार 1985 में ऑस्ट्रेलिया में विक्टोरिया में स्पीड कैमरों की शुरुआत के साथ किया गया था। तब से, सुरक्षा कैमरों का उपयोग बढ़ गया है। सुरक्षा कैमरे वाहन की गति का पता लगाने और मापने के लिए रडार या लेजर का उपयोग करते हैं। सड़क पर लगे सेंसर का उपयोग लाल बत्ती पार करने वालों का पता लगाने के लिए किया जाता है। वे कैसे स्थापित किए गए हैं इसके आधार पर, सुरक्षा कैमरे कई लेन में और विपरीत दिशाओं से आने वाले कई वाहनों की निगरानी कर सकते हैं। वे उच्च-क्षमता वाले कैमरों का उपयोग करते हैं



ट्रेंड

### गैरकानूनी घोषित



मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसरत आलम गुट) को गैरकानूनी संघ घोषित किया गया है। यह संगठन राष्ट्र-विरोधी, अलगाववादी गतिविधियों में शामिल हैं और इसके सदस्य लोगों को जम्मू-कश्मीर में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए उकसाते हैं।

-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री

### पहलवानों के साथ चर्चा



वर्षों की जी तोड़ मेहनत, धैर्य एवं अप्रतिम अनुशासन के साथ अपने खून और पसीने से मिट्टी को सींच कर एक खिलाड़ी अपने देश के लिए मेडल लाता है। झज्जर के छारा गांव के अखाड़े पहुंच कर ओलंपिक पदक विजेता पहलवान भाइयों के साथ चर्चा की।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### जांबाज सैनिकों को नमन



सर्दी के मौसम में सियाचिन के हालात बहुत विकट होते हैं। किंतु कुछ नेता और बॉलीवुड अभिनेता हमारे वीर सैनिकों के शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा पर सवाल उठाते हैं नमन है जांबाज सैनिकों को। जय हिन्द

-मुकेश अंबानी, उद्योगपति

### सवाल तो किया जाएगा



देशभर के 22 करोड़ से भी ज्यादा युवा 9 सालों तक नौकरियों के लिए लाइन में लगे रहे। सरकारी नौकरी मिली महज 7.22 लाख को यानी 1000 में से सिर्फ तीन को। बेरोजगारी पर सवाल पूछने पर उनको गुस्सा आता हैं। अब सवाल तो किया ही जाएगा।

-नसीरुद्दीन शाह, अभिनेता

**संक्षेप**

## सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कोहरे का कहर

### 6 गाड़ियां आपस में टकराईं, 5 लोग घायल, आजमगढ़ और अंबेडकरनगर के हैं घायल

सुलतानपुर, सुलतानपुर में घने कोहरे के चलते पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक-एक कर छह गाड़ियां आपस में टकरा गईं। जिसमें सवार पांच लोग घायल हुए हैं। यूपीडा कर्मियों ने घायलों को पिठला स्थित सौ शैय्या हॉस्पिटल भिजवाया, जहां से अयोध्या रेफर कर दिया गया। हलियापुर थाना क्षेत्र के एक्सप्रेस-वे पर माइल स्टोन 85.9 बड़ाडांड के पास आजमगढ़ से लखनऊ जा रही कार घने कोहरे से डिवाइडर से टकरा गई। इतने में पीछे से एक-एक कर 6 गाड़ियां टकरा गईं। जिसमें 5 लोग घायल हो गए हैं। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायलों को पिठला स्थित सौ शैय्या हॉस्पिटल भिजवाया व सभी वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात चालू करा दिया है। घायलों में नीलम उपाध्याय (47 वर्ष) पत्नी अजय कांत व लालमणि देवी (70 वर्ष) पत्नी राजेश्वरी प्रसाद निवासी बिजौरा भवरनाथ, कन्द्रापुर, आजमगढ़, असलम (35 पुत्र) मकबूल अहमद दाऊदपुर, निजामाबाद आजमगढ़, ओंकार यादव (25 पुत्र) अवधेश निवासी कन्द्रापुर, मुबारकपुर आजमगढ़, रुकैया खातून (58) पत्नी मोहम्मद सगीर जहांगीर गंज, अंबेडकर नगर हैं। वहीं कोहरे के कारण दूसरी घटना बल्दीराय के भखरी के पास माइल स्टोन 92 पर हुई है। जिसमें एक कार व डीसीएम टकराकर पलट गई हैं। हालांकि किसी को चोट नहीं आई है।

## अयोध्या में बदला मौसम का मिजाज

### सफेद चादर में ढकी दिखी राम नगरी; तापमान लुढ़का

अयोध्या, अयोध्या में मौसम का मिजाज बदल गया है। गुरुवार सुबह राम नगरी सफेद चादर में ढकी हुई है। इसके साथ ही सुबह के तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई है। ठिठुरन भरी ठंड से लोग परेशान दिख रहे है। कोहरे के चलते आवागमन भी बाधित है। अयोध्या में सुबह का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले एक सप्ताह तक इसी प्रकार मौसम रहने की संभावना है। इस दौरान तापमान में गिरावट जारी रहेगी। गुरुवार को सीजन का सबसे घना कोहरा राम नगरी में छाया हुआ है। पूरी राम नगरी सफेद चादर से ढकी नजर आ रही है। सुबह कोहरे के चलते विजिबिलिटी घटकर 50 मीटर तक पहुंच गई। सड़कों पर बाहर धीमी गति से चलते दिखाई दिए। हालांकि अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर काम के चलते यहां आने वाली ट्रेनों का रुट डायवर्जन है। हालांकि अयोध्या कैंट आने वाली ट्रेनें तीन से पांच घंटे की देरी से पहुंच रही है। अयोध्या में 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या आ रहे है। प्रधानमंत्री की तैयारियों के बीच मौसम में बदलाव हुआ है। मौसम के बदलाव का असर उनकी तैयारियों पर भी दिखाई दे रहा है।

## कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु रूपईडीहा में खुला रैन बसेरा, जले अलाव

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में शीतलहरी के कारण बहुत अधिक ठंड पड़ रही है पिछले दो दिनों से सूर्य की किरणें देखने को नहीं मिली है। तराई क्षेत्र होने के कारण इस क्षेत्र में बहुत अधिक ठंड पड़ रही है। इसको देखते हुए नगर पंचायत रूपईडीहा के चेयरमैन डॉक्टर उमाशंकर वैश्य ने कस्बे में आने वाले बाहरी लोगों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से रूपईडीहा के नगर पंचायत भवन में रेन बसेरा बनवा दिया है। चेयरमैन डॉ0 उमाशंकर वैश्य ने बताया कि रूपईडीहा भारत नेपाल का एक सीमावर्ती कस्बा है। कस्बे में बहुत से यात्री देर रात भारत के विभिन्न शहरों से आते है और सीमा बंद होने के बाद नेपाल नहीं जा पाते इसलिए इस कड़ाके की ठंड से उनको बचाने के लिए रूपईडीहा पंचायत भवन में यह रैन बसेरा बनाया गया है। वहा पर उनके रुकने की सभी बेवस्थाये है। इसी के साथ कस्बे के प्रत्येक चौराहो पर अलाव की व्यवस्था भी कर दी गई है जिससे लोगों को ठंड से बचाया जा सके।




## राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को निकलेगी अक्षत कलश यात्रा

### दुर्गा पूजा महासमिति के पदाधिकारी होंगे शामिल

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। अयोध्या में भगवान राम मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूजित अक्षत कलश यात्रा सोमवार एक जनवरी को महाराज सिंह इंटर कॉलेज से शुरू होगी। जिसमें श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के पदाधिकारी, जनपद की दुर्गा पूजा उपसमितियो के पदाधिकारी, तहसील प्रभारी व थाना प्रमुख शामिल होंगे। जिसके मद्देनजर एक आवश्यक बैठक मीरखेलपुरा स्थित कन्हैया सोनी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के महामंत्री सुदामा मिश्रा ने की। उल्लेखनीय हो कि अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धर्मावलंबियों द्वारा पूजित अक्षत कलश यात्रा निकालकर अयोध्या चलने का निमंत्रण दिया जा रहा है। इसी क्रम सोमवार एक जनवरी को शहर के महाराज सिंह इंटर कॉलेज से पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें सभी धार्मिक संगठनों के साथ जनपद की दुर्गा पूजा महासमिति के पदाधिकारी, उप समिति के पदाधिकारी, तहसील प्रमुख व थाना प्रमुख सम्मिलित होंगे। महासमिति के महामंत्री सुदामा मिश्रा ने बताया कि सोमवार एक जनवरी को सुबह 11 बजे शहर के महाराज सिंह इंटर कॉलेज से पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें महासमिति के पदाधिकारी, दुर्गा पूजा उपसमितियों के पदाधिकारी, तहसील व थाना प्रमुख से उपस्थित रहने के लिए अपील की गई है। भगवान राम में सभी को आस्था है। 500 वर्ष बाद भगवान राम टेंट से निकलकर भव्य मंदिर में शोभायमान होंगे। महासमिति के मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि कलश यात्रा की तैयारियां अंतिम चरणों मे है। बैठक में चन्द्रभान सिंह संचित, राम जी शुक्ला, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, सुरेश गुप्ता, निशंक त्रिपाठी, देवेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता युवराज, बैजनाथ रस्तोगी, राज कुमार सोनी मौजूद रहे।

## 'द जंगल वाइस बंद आंखे पुस्तक को मिला इंडियन आइकन अवार्ड 2023

### राजस्थान के कोटा शहर में ज्ञान उदय फाउंडेशन की ओर से मिला सम्मान

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के घने जंगलो के समीप नगर पंचायत मिहींपुरवा निवासी शिक्षक एवं स्वतंत्र पत्रकार मामून रशीद की ओर से पर्यावरण विषय पर आधारित पुस्तक द जंगल वाइस 'बंद आंखे' को राजस्थान में पुरुस्कृत किया गया है। राजस्थान के कोटा शहर में ज्ञान उदय फाउंडेशन की ओर से अगस्त माह में ही आइकन अवार्ड हेतु कई पुस्तक का चयन किया गया था। जिसके बाद आयोजको की ओर से सभी पुस्तकों की विषय वस्तु एवं वर्तमान समाज में पुस्तक की उपयोगिता आदि पर मंथन करते हुये पर्यावरण संरक्षण पर आधारित पुस्तक द जंगल वाईस बंद आंखे के लेखक को इंडियन आइकन अवार्ड 2023 से नवाजा गया। पुस्तक के लेखक शिक्षक एवं स्वतंत्र पत्रकार मामून रशीद ने बताया कि अपने पिता वरिष्ठ साहित्यकार एम. रशीद की प्रेरणा से ही इस उपन्यास को लिख ? सका हूं। इसमें जंगल के समीप आयदिन होने वाली हिंसक जीवों की घटना से त्रस्त ग्रामीणों के जीवन शैली का वर्णन है। इस पुस्तक का मुख्य उद्देश्य जन, जंगल और जीव जंतु के आपसी तालमेल और एक दूसरे की दोनो के प्रति निर्भरता को समाज के सामने लाना है जिससे मानव वन्यजीव संघर्ष रोकथाम एवं अवैध कटान हेतु ग्रामीण स्वयं जागरुक हो सकें। शिक्षक मामून रशीद ने बताया कि विमोचन से पूर्व ही बंद आंखे पुस्तक को सम्मान मिलने पर प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है लेकिन सम्मान की सूचना मेल पर देर से प्राप्त होने पर आनलाइन ही सम्मान प्राप्त कर सका। समारोह में शिरकत न कर पाने दुख भी है।

## नायब तहसीलदार की मौजूदगी में कब्र से शव निकलवा कर भेजा गया पीएम

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। थाना क्षेत्र विशेश्वर गंज के पुलिस चौकी धनुही अंतर्गत ग्राम पंचायत ललित नगर में बीते 11 अक्टूबर 2023 को भाव नाथ उम्र 65वर्ष पुत्र विश्वनाथ की मृत्यु हो गई थी। जिनका अंतिम संस्कार 12अक्टूबर 2023 को किया गया था। मृतक के छोटे भाई विजय नाथ पुत्र विश्वनाथ ने सावित्री मौर्य पत्नी सीताराम के ऊपर मृतक की संपत्ति अपने नाम वसीहत करवा कर मार देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी बहराइच को प्रार्थना पत्र दिया था। जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आदेश दिया की शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम करवाया जाए। आदेश अनुपालन में शनिवार को नायब तहसीलदार सचिन कुमार श्रीवास्तव के मौजूदगी में थाना अध्यक्ष सूरज कुमार राणा ने शव को निकलवा कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष सूरज कुमार राना ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार हत्या सहित समुचित धाराओं में आरोपित के विरुद्ध अभियोग भी पंजीकृत किया गया है।

## कैसरगंज क्षेत्रवासियों के लिए डिजिटल मशीन बड़ी सौगात



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज सीएससी में लगे डिजिटल एक्सरे मशीन गरीबों के लिए मसीहा बना है। अभी तक गरीब मरीजों को मार्केट में महंगे दामों पर डिजिटल एक्सरे करवाना पड़ता था लेकिन जब से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में यह लगा है तब से डिजिटल एक्सरे मशीन से कैसरगंज के इलाके के लोगों को काफी फायदा हो रहा है। एक्स-रे टेक्निशियन संध्या सिंह ने बताया कि कैसरगंज में लगा डिजिटल एक्सप्रेस मशीन बहुत ही अच्छी गुणवत्ता पूर्वक रिजल्ट देती है और यहां जितने भी लोगों को डॉक्टर एडवाइस करते हैं उन सब का निशुल्क डिजिटल एक्सरे तुरंत हो जाता है।

## मनमानी: डीएम का आदेश बेअसर, खुले रहे निजी स्कूल

अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर




रूपईडीहा, बहराइच। बढ़े ठंड और शीत लहरी के कारण जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी द्वारा कक्षा नर्सरी से 8 तक स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया था। परंतु शनिवार को कड़ाके की ठंड के बीच रूपईडीहा में नौनिहालों को स्कूलों में जाना पड़ा। कस्बों से लेकर ग्रामीण अंचल तक के ज्यादातर निजी स्कूलों का यही हाल रहा। जिले में इन दिनों पड़ रहे कोहरे एवं कड़ाके की ठंड को देखते हुए डीएम ने शुक्रवार से नर्सरी से 8 तक के स्कूलों को बंद किये जाने का आदेश दिया था। उनके इस आदेश को निजी स्कूलों ने हवा में उड़ा दिया और अपने स्वयं के निर्धारित समय पर शनिवार को स्कूलों का संचालन किया गया। पिछले तीन दिनों से जिले में घने कोहरे के साथ ठंडक भी काफी बढ़ गई है। जिससे घना कोहरा छाया रहा। इसे देखते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी परिषदीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, मान्यता प्राप्त एवं सहायता प्राप्त के साथ ही निजी स्कूलों को संचालित न करने का निर्देश बीएसए के हवाले से दिया था। उनके इस आदेश का निजी स्कूलों पर कोई प्रभाव नहीं दिखा। रुपईडीहा कस्बे के रामलीला बाग में स्थित एक निजी स्कूल में इस ठिठुरन भरी सर्दी में भी बच्चो को जाते हुए देखा गया। इसी प्रकार क्षेत्र के और बहुत से स्कूल अपने समय पर ही खोले गए। निजी स्कूलों पर डीएम के आदेश का असर नहीं दिखा और सुबह ठंड में बच्चों को स्कूल जाना पड़ा। अभिभावकगण अपने बच्चों को स्कूल पहुंचाते देखे गए।

## बगैर कागज के वाहन सड़क पर दिखे तो खैर नहीं: सीओ कैसरगंज



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। सीओ कैसरगंज अवैध खनन के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि कहीं भी अवैध खनन की अगर शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। इसी क्रम में आज थाना जरवल रोड़ के अंतर्गत जरवल कस्बा ब्लॉक के पास ट्रैक्टर ट्राली को पड़कर सीज कर दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकार रूपेंद्र कुमार गौड़ ने एक ट्रैक्टर ट्राली कोई 207 एमबी एक्ट के तहत सीज कर दिया। सीओ ने लोगों को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि कोई भी ट्रैक्टर ट्राली किसी ड्राइविंग लाइसेंस के बगैर नहीं चलाएगा। अगर ऐसी अवस्था में कोई भी व्यक्ति बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। खंड विकास अधिकारी बलहा संदीप तिवारी के निर्देशन में विकासखंड बलहा के अंतर्गत ग्राम माघी, महोलीशेर खां संयुक्त ग्राम में कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत माघी के प्राथमिक विद्यालय में विकसित भारत संकल्प किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमित पांडे ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि रही विधायक बलहा सरोज सोनकर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक बलहा सरोज सोनकर व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृपाराम वर्मा रहे। संकल्प यात्रा के दौरान एलसीडी के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को गांव-गांव, गली-गली में चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम मे सैकड़ो की संख्या में आए हुए लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जल जीवन मिशन, खाद रसद विभाग बाल विकास परियोजना संबंधी योजनाओं को गहनता से जानकारी देते हुए और उन योजनाओं को लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सोनकर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं धरातल पर लाने के लिए गांव-गांव चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। विधायक बलहा ने पात्र लाभार्थियों को मौके पर आवास एवं शौचालय का प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर एडीओ पंचायत राजेश चौधरी, सचिव संदीप त्रिपाठी, ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार के द्वारा, लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की पूर्ण जानकारी दी गई एवं विभिन्न विभागों के द्वारा अपने-अपने विभाग के स्टाल के माध्यम से लोगों को जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में गोद भराई तथा अन्नप्राशन भी कराया गया। कार्यक्रम मे विधायक बलहा सरोज सोनकर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृपाराम वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश गुप्ता, ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप त्रिपाठी, ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार सहित प्रधान माघी अच्छन खां, प्रधान प्रतिनिधि नसीर खां सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विधायक पयागपुर द्वारा वितरित किया गया स्मार्ट फोन



अमन लेखनी समाचार

पयागपुर/बहराइच। विशेश्वरगंज में स्थित भवानी प्रसाद मिश्र जटाशंकर महाविद्यालय में शनिवार को एक भव्य क्रायक्रम के तहत स्नातक उत्तीर्ण हुए छात्रों को विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी द्वारा स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के उपप्राचार्य राज कुमार शुक्ल द्वारा किया गया। विधायक द्वारा पम्मी पांडेय, शिवांगी मिश्रा, सुधाकर उपाध्याय, सुधाकर पाठक, तथा शिवम सहित कई छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय में सत्र 2023 में स्नातक में सफल हुए कुल 248 छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्र, विवेक सिंह, दीपू पांडेय, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, आनंद पांडेय, डायरेक्टर आर के तिवारी, धनंजय सहित विद्यालय के छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

## संघ स्थान दर्शन यात्रा का हुआ आयोजन

### एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम जय श्री राम



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। आर एस एस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं बजरंग दल की तरफ से हिंदू जन जागरूकता हेतु जमदान नवाबगंज व मगलीनाथ से अवधूतगांव होते हुए धन्नीगांव से गंगापुर के रास्ते से साइकिल यात्रा निकाली गई। बरवलिया चौराहे पर भाजपा मण्डल मंत्री योगेश पाण्डेय की अगुवाई में निकली रैली का लोगों नें पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया। करीब पाँच सौ लोगों के द्वारा साइकिल यात्रा निकाली गई। इस मौके पर समाजसेवी दिनेश मिश्रा, अवधेश त्रिपाठी, रामेश्वर सोनी, चुन्नू सोनी व कोतवाली रुपैडीहा के बाबागंज चौकी इंचार्ज रामगोविन्द वर्मा, एसआई बिहारी यादव अपने पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## मिल्कीपुर में वकीलों ने सपा नेता का फूंका पुतला

- 'हिंदू धर्म नहीं, एक धोखा है' वाले बयान को लेकर की गिरफ्तारी की मांग

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने पहले रामचरितमानस को लेकर विवादित बयान दिया, फिर अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को धोखा बता दिया। हाल ही में दीपावली के समय भी स्वामी प्रसाद के माता लक्ष्मी को लेकर दिए बयान पर भी सियासी बखेड़ा खड़ा हो गया था। अब उन्होंने कहा है कि हिंदू धर्म नहीं, एक धोखा है। स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा हिंदू धर्म को लेकर की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में मिल्कीपुर के अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट गया है। अधिवक्ताओं ने सपा नेता के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर में ही स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित अपनी मांगों का ज्ञापन भी उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर को सौंपा।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश कांत यादव एवं पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला के नेतृत्व में मिल्कीपुर के अधिवक्ताओं ने भारत माता की जयकारों के साथ सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला जलाया और उनके खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किए जाने की भी मांग की। बोले कि जल्द इनकी गिरफ्तारी की जाए।

## मिल्कीपुर में अज्ञात वाहन ने महिला को मारी टक्कर

### मौत, दोनों पैरों से दिव्यांग थी, अयोध्या-रायबरेली हाइवे पर हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, मिल्कीपुर में दिव्यांग महिला को हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जबरदस्त था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना इनायत नगर क्षेत्र के भरतपुर सरियावां गांव निवासिनी 25 वर्षीय दिव्यांग गायत्री किसी काम से जा रही थी। जैसे ही वह अयोध्या रायबरेली नेशनल हाईवे पर चढ़ी कि मिल्कीपुर बाजार की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने इतना जबरदस्त टक्कर मारा की उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह, उप निरीक्षक अभय सिंह, अमर बहादुर पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। दिव्यांग मृतका गायत्री के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गायत्री दोनों पैर से दिव्यांग थी। उसकी शादी 3 साल पूर्व थाना क्षेत्र के मुरली गांव से हुई थी।

## रैन बसेरे में बेड पर आराम कर रहा कुत्ता

- सुल्तानपुर प्रशासन देखरेख में कर रहा लापरवाही, अलाव के सहारे लोग

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सर्दी के मौसम में दूर-दराज से आने वाले लोगों को ठंड में रात गुजारने के लिए प्रशासन ने रैन बसेरे की व्यवस्था कर रखी है। लेकिन नगर पालिका ने चंद चारपाइयां डालकर और पर्दा लगाकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। नतीजा ये है कि जिस जगह व्यक्ति को लेटकर आराम करना है वहां कुत्ता आराम कर रहा है। शहर के सभागार में बने रैन बसेरे का ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है। सिविल लाइन जैसे पॉश एरिया में नगर पालिका की ओर से रैन बसेरा बनाया गया है। जिसे पर्दे से कवर करके इसमें फोल्डिंग चारपाई और टेंट के गद्दे, रजाई व तकिया लगाया गया है। इसके अलावा एक वॉटर कूलर पानी का प्रबंध यहां किया गया है। थोड़ी दूर पर अलाव की व्यवस्था की गई है। लेकिन लापरवाही का आलम ये है कि यहां व्यवस्था चल कैसी रही है इसको देखने सुनने वाला कोई नहीं है। ऐसे में जिस चारपाई पर लगे बिस्तर पर व्यक्ति को लेटकर सोना है वहां कुत्ते आराम फरमा रहे हैं। इसका वीडियो सामने आया है। बता दें कि वैसे तो इस बार ठंड अभी तक वैसे नहीं पड़ी जैसे पड़ती आई है। लेकिन दो दिनों से मौसम ने शाम होते करवट बदली है। बुधवार रात भी एकाएक मौसम का मिजाज बदल गया। देर शाम से ही कोहरा बढ़ गया जिससे ट्रेनें लेट हुईं। वहीं दूर दराज से आए मजदूरों को वाहन नहीं मिला तो उन्हें रैन बसेरे में ही रात गुजारनी पड़ी।

## संक्षेप

### मारपीट के मामले में पुलिस ने 6 के खिलाफ दर्ज किया केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर,सहजनवा। रामपुर गोपालपुर निवासी सत्यवीर यादव पुत्र रामनाथ यादव जो ट्रक का मालिक है। वृहस्पतिवार को ट्रक चालक बस्ती से बालू गिरा कर जीरो प्वाइंट के पास रुक कर हिसाब कर रहा था। उसी दौरान बाइक सवार दो लोग आए और गाली गलौज करने लगे। ट्रक से उतर कर विरोध किया तो मनबढ फोन कर अपने कुछ साथियों को बुला लिया। और लाठी से पीड़ित,इसके भाई,और चालक को पीट दिया। और ट्रक का शीशा तोड़ दिया। और जान से मारने की धमकी दिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अजय निषाद पुत्र जगदीश निषाद,विनोद पंचर वाला, पतलू और कुछ अज्ञात निवासी कालेसर के खिलाफ मार पीट तोड़फोड़,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ निवासी विक्रांत चंद पुत्र दीप चंद जो वृहस्पतिवार को शाम 7 बजे पेट्रोल पंप पर डीजल भराने जा रहा था। तभी तीन लोगो ने गाड़ी के सामने आटो लगाकर रास्ता रोक दिया। विरोध करने पर लाठी डंडे रॉड से मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने कमलेश,इसके भाई,रामासीश उर्फ पहाड़िया के खिलाफ मारपीट,गाली गलौज,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

### पति और देवर पर दर्ज हुआ दहेज उत्पीड़न, मारपीट का केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के पचौरी निवासी पति और देवर द्वारा विवाहिता को मारपीट कर घर से निकलने पर पुलिस ने दोनो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के चरडाव निवासी कंचन सिंह पुत्री रामसिंह की शादी 14 मार्च को 2023 को हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के पचौरी निवासी अरविंद सिंह के साथ हुई है। शादी के बाद से पति विवाहिता को मारने पीटने लगा था। इसके दो बच्चे भी है। और नंगा कर गांव में दौड़ा दौड़ा कर मारा पीटा, तथा पति का भाई कई बार जान से मारने का प्रयास किया है। और घर से निकाल दिया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति अरविंद सिंह और उसके भाई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का केस दर्ज कराया है।

### कुएं में 15 घंटे तक फंसा रहा तेंदुए का बच्चा

मेरठ, मेरठ में 20 फिट गहरे कुएं में तेंदुए का बच्चा गिर गया। आधी रात में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। वन विभाग की टीम ने कुएं में रस्सी डालकर तेंदुए के बच्चे को कुएं से बाहर निकाला। लगभग 15 घंटे तक ये बच्चा कुएं में जिंदगी के लिए छटपटाता रहा। वन विभाग ने तेंदुए को बाहर निकालकर उसका चेकअप किया। बच्चा फिलहाल बिल्कुल स्वस्थ बताया जा रहा है। तेंदुए को चोट न लगे इसलिए वन विभाग के लिए यह रेस्क्यू बहुत चैलेंजिंग था।

## आईजीएल द्वारा महाविद्यालय में विज्ञान वर्ग के छात्रों का कैंपस सिलेक्शन कराया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने जनपद के तकनीकी छात्रों के साथ साथ विज्ञान वर्ग के छात्रों के लिए भी आईजीएल के द्वार खोले। आज कम्पनी द्वारा महाराणा प्रताप स्नाकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी रसायन के छात्रों के कैंपस चयन हेतु टीम भेजी गई टीम द्वारा चालीस से अधिक छात्रों का बायोडाटा लेकर साक्षात्कार किया गया। इस टीम का नेतृत्व क्वालिटी हेड संजय मिश्रा एवं अखिलेश शुक्ल ने किया, संजय मिश्रा द्वारा सभी का साक्षात्कार लिया गया है और अखिलेश शुक्ल ने सभी प्रथम चरण में चयनित अभ्यर्थियों की सूची तैयार किया और कल एच आर विभाग को सौप देगे , जिससे सभी अभ्यार्थियों के चयन की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सके। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में कंपनी द्वारा स्थानीय लोगो को सदैव कार्य का अवसर प्राथमिकता पर दिया जाता रहा है और आज भी उसी सोच और संकल्प को पूर्ण करने हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही बताया की प्लांट हेड शैलेंद्र पांडे ने कमेटी को निर्देश दिया है की इस चयन प्रक्रिया को अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए। कालेज के तरफ से प्रधानाचार्य का बहुत सहयोग मिला तथा डॉ आर सहाय द्वारा कैंपस प्लेसमेंट के लिए सभी छात्रों को सूचित किया गया और दोनो संस्थायो के मध्य समन्वय स्थापित कर इसे सम्पूर्ण कराया गया। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की आगे भी सीएचआरो राकेश यादव के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में कैंपस सलेक्शन हेतु एच आर की टीम जनपद के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय या कालेजों में जाती रहेगी, क्युकी उनका भी मानना है की प्रतिभायो को स्थानीय अवसर पर ढूंढ कर तराशा जाए। इसके साथ ही डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने समस्त कालेज के गुरुजनों एवं स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार ग्राम पंचायत सीहापार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को केंद्र तथा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री लालजी यादव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की तमाम जन कल्याणकारी योजनाएं आज जनता के लिए लाभकारी साबित हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि तथा सीएम योगी आदित्यनाथ की ठोस पहल से हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड,किसान सम्मान निधि,आवास,शौचालय,पेंशन,उज्ज्वला योजना आदि योजनाओं के जरिए पीएम मोदी ने लोगों के जीवन मे बड़ा बदलाव किया है। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक राममणि उपाध्याय ने भारत को विकसित बनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड धारक विन्नर, आवास प्राप्त करने वाली कैलासी देवी तथा किसान सम्मान निधि के लाभार्थी बालगोविंद निषाद ने अपने विचार रखते हुए केंद्र की योजनाओं को सराहा। इस दौरान गर्भवती महिला मधु, तथा चांदनी की गोदभराई रस्म तथा दो बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। अध्यक्षता भाजपा नेता राहुल शुक्ल तथा संचालन दिनेश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान श्रीमती मांडवी शुक्ला, सचिव लोकेश, पंचायत सहायक पूजा, पुरुषोत्तम शुक्ल, गणेश यादव, रजनीश शुक्ल, रवीन्द्र यादव, आशुतोष मिश्र, रामदयाल निषाद, रामनवल यादव, सुनील गुप्त, चंद्रभान यादव, धर्मेंद्र, विनोद यादव, अखिलेश चौरसिया समेत कई विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का वार्षिक बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार




गोररखपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ( आश्रित ) जनकल्याण परिषद का वार्षिक बैठक कलेक्ट्री कचहरी के बार एसोशिएसन सभागार में आयोजित हुई। जिसमें स्वतंत्रता सेनानी संगठन को मजबूत करने एवं उनके आश्रितो को पेंशन की सुविधा, बस, रेलवे में पास की सुविधा, परिचय पत्र पर विचार विमर्श हुआ। इसके बाद सर्व सम्मति से जनकल्याण परिषद का वार्षिक चुनाव हुआ। जिसमें परिषद का सरंक्षक अधिवक्ता राजेश कुमार त्रिपाठी , अध्यक्ष डॉ.सूर्य प्रकाश पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमन सिंह, उपाध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र, महामंत्री महंथ प्रजापति, मंत्री जयप्रकाश सिंह , संगठन मंत्री वसन्त लाल श्रीवास्तव, जनसम्पर्क अधिकारी एवं मीडिया प्रभारी संजय वर्मा, कोषाध्यक्ष राज सुधर कन्नौजिया, लेखा अधिकारी वीरेंद्र यादव, कानूनी सलाहकार अधिवक्ता नित्यानन्द सिंह बनाए गए है। सदस्य कार्यकारणी में दिनेश शाही, अमरनाथ लाहिणी, कालिंदी पाल, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, प्रेम नारायन सिंह, मीरा देवी, अशोक यादव, प्रेम लता, बंधन प्रजापति, नईम खां , चौथी यादव, प्रेमादेवी, अजय कुमार यादव, कन्हैया प्रसाद गुप्ता बनाये गये है। अंत में स्वंत्रता सेनानी स्वं.राम नरेश लाल की पत्नी शांति देवी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर गोरखपुर लायंस क्लब के अध्यक्ष राकेश चन्द यादव, अधिवक्ता द्विग्वीजय सिंह, चन्द्रसेन दूबे, संतोष कुमार गर्ग, गीता पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय जुनूं अवार्ड से सम्मानित होंगी गोरखपुर की सरिता सिंह

**एक जनवरी को विश्व मानव संघ द्वारा किया जा रहा है अंतरराष्ट्रीय जुनु अवार्ड का आयोजन**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर । विगत वर्षों की भांति इस बार भी विश्व मानव संघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जुनू अवार्ड का आयोजन किया गया है। लखनऊ में मानव दिवस के अवसर पर 1 जनवरी 2024 दिन सोमवार को ₹अंतर्राष्ट्रीय जुनु अवार्ड 2023₹ से 18 विभूतियों का नागरिक अभिनंदन होटल विश्वनाथ चारबाग में किया जाएगा । समाज सेवा के लिए अध्यक्ष फाउंडेशन अम्मा कोलंबिया, समाज सेवा के लिए अध्यक्ष नेशनल डी एक्शन और बुर्किना फासो पश्चिमी अमेरिका, समाज सेवा के लिए अध्यक्ष इंटरनेशनल सोसायटी फॉर ह्यूमन राइट्स, कप शब्द एवं अध्यक्ष ब्रेथ कनाडा अध्यक्ष ग्रीन वर्ल्ड बांग्लादेश और अध्यक्ष एवं ब्राजील काउंसिल फॉर ह्यूमन राइट्स एंड रिलिजियस फ्रीडम बेल्जियम एग्रो बायो एनर्जी कैल्शिनो बोलबिया भारतवर्ष से योग और समाज सेवा के लिए जनपद लखीमपुर खीरी की मान्य अर्चना श्रीवास्तव, कल अभिनय के लिए मुंबई की श्रुति भट्टाचार्य, क्रिएटिव समाज सेवा के लिए बीना आडवाणी, तन्वी ग्रास रूट लेवल के लिए और हिंदी साहित्य के लिए उमेश प्रकाश, लखनऊ हिंदी भाषा उत्थान के लिए राकेश सक्सेना, हिंदी कविता के लिए गोरखपुर की सरिता सिंह, स्क्रिप्ट राइटिंग के लिए रविंद्र दुधानी, सोशल सर्विस के लिए रुचिता सुजय चौधरी, समाज सेवा के लिए मनोरमा श्रीवास्तव एवं तमिलनाडु, केरल, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ से 210 मेघावी बच्चे चयन किए गए हैं, इन विभूतियों के अलावा समाज सेवा, कला, चिकित्सा, पर्यटन, शैक्षिक विकास को साधना मानकर अपने आप को सामाजिक सेवा के लिए सुपुर्द कर दिए लोगों का भी सम्मान होगा । विश्व मानव दिवस पर स्वर्गीय प्रेमलता श्रीवास्तव एवं विश्व प्रसिद्ध इटालियन चित्रकार मूर्तिकार माइकल एंजेलो विको को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। मानव दिवस प्राणी एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए मनाया जाता है लखनऊ में इस दिवस पर प्रख्यात कवि श्रेया के अशोक कुमार श्रीवास्तव द्वारा रचित पुस्तक का विमोचन किया जाएगा । अतिथि नरेश शंकर श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की जाएगी ।

## बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान

अमन लेखनी समाचार



गौरीगंज, अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र की विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई ।

बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी । बैंक ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये ।

## केंद्रीय मंत्री ग्राम पंचायतों में आयोजित चौपाल में सुनी जन समस्याएं

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। केंद्रीय मंत्री/सांसद अमेठी स्मृति जुबिन इरानी ने अपने तीन दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामदैपुर, सराय खेमा, लोनियापुर, पीठीपुर तथा सरैया दुबान में पुलिस प्रशासन, राजस्व, विद्युत, समाज कल्याण, दिव्यांग कल्याण, महिला कल्याण विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ चौपाल लगाकर शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय सत्यापन किया तथा मौजूद ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली। चौपाल के दौरान केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित लोगों से शौचालय, पेंशन, राशन, आवास, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, हैंडपंप रिबोर, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, विद्युत कनेक्शन की स्थिति सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली जिस पर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि सभी पात्र लोगों को उपरोक्त योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने जनसामान्य से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त प्रकरणों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें। चौपाल के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला, प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व जनसामान्य मौजूद रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कस्बा जगदीशपुर में किया गया पैदल गस्त

अमन लेखनी समाचार



जगदीशपुर। अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा मिशन शक्ति नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा जगदीशपुर में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गस्त किया गया तथा मुख्य मार्गों, चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई । इस दौरान क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह एवं अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।

## संस्था प्रबंधक ने की अलाव जलवाने की शुरूआत

अमल लेखनी समाचार



बाजार शुक्ल, अमेठी। अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज मे अपनी एक अलग पहिंचान बनाने वाले एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे ग्राम पंचायत भटमऊ बाजार शुक्ल अमेठी निवासी कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी जो कि यथासंभव सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल, कृषि, शिक्षा एवं चिकित्सा संबंधी सेवाओं मे उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उन्हे सम्मानित दृष्टि से देखता है बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था प्रबंधक ने सर्दी से बचाव हेतु यथासंभव जरुरतमंदों मे गर्म शाल वितरित किए, गौशालाओं मे पशुओं को जूट से बने कोट पहनवाए वहीं सर्दी से बचाव हेतु सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाने की शुरूआत की समाजसेवी पी के तिवारी की निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली को लोग समाज के प्रति पुनीत कार्य बताते हुए प्रशंसा कर रहे हैं, वहीं संस्था प्रबंधक पी के तिवारी ने कहा कि वह प्रबुद्धजनों के सहयोग एवं मार्गदर्शन में भविष्य मे और भी बेहतर से बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे और समाज के प्रति समर्पित रहेंगे।

## अनूपशहर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

- सैकड़ों लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण, आवास योजना के लाभार्थियों को सौंपी गयी चाभी

अमन लेखनी समाचार



अनूपशहर, अनूपशहर के मोहल्ला मदार गेट में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यात्रा का नगर पहुंचने पर पालिका अध्यक्ष ब्रजेश गोयल की अध्यक्षता में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में दीपेंद्र गुप्ता, मनोज गोल्डी, अजय गर्ग एवं सभासद गण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन हर्षित गर्ग ने किया। कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। आवास योजना के लाभार्थियों को चाभी प्रदान की गई। साथ ही उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को चूल्हे का वितरण किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। 851 लाभार्थियों को शौचालय, 1300 लाभार्थियों को आवास, 1200 को पीएम सम्मान निधि योजना का लाभ मिला। इस अवसर पर डिजिटल वैन से केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। बुलंदशहर सांसद डॉक्टर भोला सिंह कोतवाली क्षेत्र के गांव वीरपुर पहुंचे। जहां उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित सभी ग्रामीणों से केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ लेने का भी आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के सभी गांव में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें जिन लाभार्थियों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है उनका मौके पर ही रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



अमन लेखनी समाचार

जगदीशपुर, अमेठी रेलवे ट्रैक पार करते समय तेज रफ्तार आ रही ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजकर आवश्यक कार्रवाई मे जुटी। कमरौली थानाक्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर रेलवे रूट पर स्थित सिंदुरवा रेलवे स्टेशन के समीप घटना उस वक्त घटी जब पश्चिम बंगाल निवासी राज मुंडा उम्र लगभग 25 वर्ष जो अचानक ट्रेन की चपेट मे आकर मौत के घाट उतर गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनो को सूचना देने के पश्चात शव को पोस्टमार्टम भेजकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है ।

## शामली में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

- शूटिंग चैम्पियनशिप में 10 मीटर पिस्टल में वर्णित ने स्वर्ण और हनी ने रजत जीता

अमन लेखनी समाचार




मवाना, शामली में संपन्न हुई चार दिवसीय शूटिंग चैम्पियनशिप में पदक जीतकर लौटे मवाना के रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का बुधवार को स्वागत और अभिनंदन किया गया। शामली राइफल क्लब के तत्वाधान में 23 से 26 दिसंबर तक छठी रजत निर्वाल मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। जिसमें रुद्रा स्पोर्ट्स एकेडमी के अंतर्गत संचालित रुद्रा शूटिंग रेंज में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल के पांच निशानेबाजों ने कोच विशांत तोमर और खेल अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा के नेतृत्व में प्रतिभागिता किया। चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा आदि प्रदेशों के करीब 500 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। शूटिंग चैम्पियनशिप में 10 मीटर पिस्टल में सब यूथ वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रुद्रा शूटिंग रेंज के खिलाड़ी वर्णित ने स्वर्ण पदक, हनी ने रजत पदक और ईशा रिजवी, आफियान अहमद और निर्मल ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। रुद्रा ग्रुप के चेयरमैन राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर ने स्कूल की प्रधानाचार्या डॉक्टर शिवानी सिंह, एडमिशन और मार्केटिंग हेड सुमित काकरान, खेल अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा, शूटिंग कोच विशांत तोमर ने स्कूल पहुंचने पर सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संक्षेप

### सिपाही का हमलावर भेजा गया जेल

हमीरपुर। सुमेरपुर ब्लाक के कैथी में मेले के दौरान सिपाही के साथ मारपीट कर चुटहिल करने वाले युवक को पुलिस ने शनिवार को जेल भेजा है। गत गुरुवार को कैथी में लगे मेले में ड्यूटी पर तैनात कैथी पुलिस चौकी के सिपाही शैलेश यादव के साथ गांव निवासी अभिषेक सिंह ने अभद्रता करते हुए मारपीट करके चुटहिल कर दिया था। सिपाही की तहरीर पर शुक्रवार की देर शाम पुलिस ने धारा 333, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी को जेल भेजा है।

### कड़ाके की ठंड में देवी पब्लिक स्कूल पर समाजसेवी ने जरूरतमंदों में वितरित किया कंबल

ओबरा- प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों को शीत लहर के थपेड़ो से बचने के लिए नगर स्थित देवी पब्लिक स्कूल पर शनिवार को सैकड़ो लोगो को ठंड से बचाव हेतु कम्बल वितरित किया गया ।कार्यक्रम में अतिथि समाजसेवी रमेश सिंह व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव रहे ।विद्यालय पर पहुचे अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया ।जबकि कम्बल वितरण से पूर्व विद्यालय के बच्चो द्वारा अतिथियों के उपस्थिति में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

अतिथि रमेश सिंह व अनिल यादव ने कहा कि हर किसी को समाजसेवा के कार्य में अपने सामर्थ्य के मुताबिक योगदान अवश्य देना चाहिए। मानव होने के नाते हमारा पहला धर्म मानवता की सेवा करना है। जीवन में समाजसेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है। समाज के प्रत्येक नागरिक को अपने सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ समाजसेवा के लिए भी समय अवश्य निकालना चाहिए ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डी डी गुप्ता, प्रधानाध्यापिका संध्या गुप्ता, दीपक केशरी, के के ओझा, अश्वनी प्रजापति, संगीता चौहान, गीता प्रजापति, अमित सरकार, रिंकू सिंह, मनीष पांडेय आदि रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शासन की योजनाओं की दी गई जानकारी

## अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य- शत्रुघ्न सिंह परिहार

**अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव**



गरौठा, झांसी। शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का जन- जन तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा गरौठा के ग्राम पंचायत कचीर, ब्लॉक बामौर पहुंची ।जहां उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करते हुए की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ककरवई जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कुंवर शत्रुघ्न सिंह परिहार व विशिष्ट अतिथि के रूप में संकल्प यात्रा प्रभारी हरगोविंद्र निरंजन व श्यामाकांत तिवारी मौजूद रहे ।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि साहब सिंह यादव द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि शत्रुघ्न सिंह परिहार ने अपने संबोधन में कहा की देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री का सपना भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का है। जिस सपने को साकार करने के लिए शासन द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है ।उन्होंने कहा की विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

इस दौरान आयुष्मान योजना, आवास योजना, उज्ज्वला योजना, पेंशन योजना आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही शासन की योजनाओं से वंचित रहने वाले लोगों से आवेदन लिए गए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। जहां नवजात शिशु का अन्नप्राशन संस्कार, व गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई ।मुख्य अतिथि ने सभी से अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को एक उत्सव के रूप में मनाने की अपील की। इसके साथ ही खेतो में कीटनाशक दवाओं के छिड़काव हेतु ड्रोन प्रदर्शन के उपयोग की भी जानकारी दी गई ।अंत में मुख्य अतिथि ने सभी को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।मुख्य अतिथि द्वारा छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस मौके पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आरती वर्मा, एएनएम अर्चना श्रीवास, विजयलक्ष्मी पिल्लई व मुनीर खां द्वारा 30 मरीजों को निशुल्क चिकित्सीय परामर्श देकर दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनंत देव शर्मा ने किया ।अंत में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि साहब सिंह यादव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी किशोर कुमार, आपूर्ति लिपिक हिमांशु यादव, कृषि कार्यालय से चंद्रशेखर सिंह, राजेंद्र अहिरवार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दुरखुरू, प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार गुप्ता, सहायक अध्यापक सचिन कुमार, अशोक कुमार जैन, अनिल गुप्ता, दानिश खान, अंजू देवी, आशा विंदवती, सफाई कर्मी सुरेंद्र कुमार, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# खजुहा कस्बे में श्री राम जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पूजित अक्षत कलश यात्रा का किया जायेगा भव्य आयोजन

**इस यात्रा में हिंदू संगठन लेंगे हिस्सा**

**अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी**

बिंदकी, फतेहपुर। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथो होगी . प्राण प्रतिष्ठा के लिए शुभ मुहूर्त का क्षण 84 सेकंड का मात्र होगा जो 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक होगो खजुहा कस्बे में आज श्री राम जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पुजित अक्षत कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी जिला सहधर्म प्रसार प्रमुख विहिप अरविंद सक्सेना ने बताया कि कलश यात्रा मां पंथेस्वरी धाम से हनुमान गढ़ी से होते हुए राणन तालाब से श्री राम जानकी ठाकुर द्वारा तक पहुंचेगी इस कलश यात्रा का मुख्य उद्देश्य रामलला प्रतिष्ठा को लेकर घर घर निमंत्रण पहुंचाना है । इस अवसर विशिष्ट अतिथि के रूप में विभाग कारवाह ज्ञानेंद्र भाई साहब जिला प्रचारक योगेंश भाई साहब जिला सह प्रचारक अरुण भाई साहब जिला कारवांह बिंदेश्वर भाई साहब जिला सहकारवाह सोमदेव भाई साहब जिला संपर्क प्रमुख अरविंद पाल भाई साहब जिला सद्भावना प्रमुख संजय श्रीवास्तव भाई साहब, तथा विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, भाई साहब ,प्रांत निधि प्रमुख, अमित भाई साहब, प्रांत सह परावर्तन प्रमुख अनिल भाई साहब, प्रांत सह परियोजना प्रमुख राजेंद्र भाई साहब, जिला अध्यक्ष डॉ विजय शंकर मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल भाई साहब, जिला मंत्री लोकेश जी गुप्ता भाई साहब, जिला संयोजक बजरंग दल राहुल अग्निहोत्री भाई साहब उपस्थित रहेंगे।

# असद खान अध्यक्ष , इरशाद खान उपाध्यक्ष व नीरज शर्मा बने महामंत्री

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर । हमीरपुर जिला प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन शनिवार को जिला परिषद परिषर में किया गया। जिसमें असद खान (गोलू पठान) को अध्यक्ष व शिवकुमार सोनी वरिष्ठ महामंत्री व नीरज शर्मा महामंत्री को मनोनीत किया गया वही इरशाद खान को उपाध्यक्ष व किशन कुमार को कार्यालय मंत्री पद की जिम्मेदारी सौपी गयी । शनिवार को जिला परिषद परिसर में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हाउस में हमीरपुर जिला प्रेस क्लब का निर्धारित चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें जिले से आए सभी पत्रकारों शामिल होकर कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें सर्व सम्मति से असद खान गोलू पठान को पुनः अध्यक्ष मनोनीत किया गया ।इसके साथ ही मुनीर खान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र महाजन, मुकेश निषाद व इरशाद खान को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वरिष्ठ महामंत्री शिव कुमार सोनी व नीरज शर्मा को महामंत्री बनाया गया। रिजवान अली को कोषाध्यक्ष, सुभाष साहू को संगठन मंत्री, ललित शर्मा, अमित मिश्रा, राहुल निगम नागेंद्र जोशी को मंत्री, अनुशासन समिति के अध्यक्ष के रूप में विनोद शुक्ला व सैय्यद अतहर हुसैन को मनोनीत किया गया। कार्यालय मंत्री किशन कुमार व परितोष दीक्षित, प्रचार मंत्री अनवर हुसैन, हर्षित गुप्ता, कैलाश सोनी राठ को मनोनीत किया गया। जबकि विकास सिंह को विधिक सलाहकार, हिफजूर रहमान को प्रवक्ता मनोनीत किया गया। संरक्षक मण्डल में श्री प्रकाश शुक्ला, अरुण श्रीवास्तव, रिजवान अली व नाहिद अंसारी मनोनीत किये गए। इस मौके पर जीतेंद्र यादव , पवन तिवारी, प्रमोद कुमार तिवारी, हरीश राज चक्रवर्ती, प्रवीण दीक्षित, राहुल निगम, बीरेंद्र सैनी इत्यादि लोग मौजूद रहे। कार्यकारिणी के गठन के बाद सभी पत्रकारों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को माल्यार्पण कर स्वागत किया। अध्यक्ष गोलू पठान ने कहा कि वह पत्रकारों की समस्याओं के लिए हमेशा आगे होकर खड़े रहेंगे और उनके अधिकारों की लड़ाई हमेशा लड़ते रहेंगे।

# नरेगा से कच्ची सड़क के निर्माण में हुई धांधली का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



राठ, हमीरपुरः ठेकेदारों की भ्रष्ट नीति और अधिकारियों की अनदेखी के चलते क्षेत्र के गिरवर गांव में एक साल पहले बनने वाली 1400 मीटर सड़क में जमकर धांधली की गई। सड़क का निर्माण नहीं हुआ और ठेकेदार फर्जी तरीके से भुगतान डकार गए जब ग्रामीणों को जानकारी हुई तो आक्रोश फैल गया। आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए सड़क निर्माण में की गई भ्रष्टाचार में लिफ्ट ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

गिरवर गांव में क्षेत्र पंचायत से मनरेगा के तहत एक साल पूर्व बनने वाली 500 मीटर सड़क पानी की टंकी से धरमपाल के खेत तक कच्ची सड़क निर्माण कार्य कागजों में दिखाकर 4 लाख 68 हजार रुपए गबन करने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। ग्रामीण रामशरण श्रीवास्तव ने बताया कि राठ एसडीएम और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी लेकिन मौके पर जाकर अधिकारियो द्वारा जांच रिपोर्ट गलत लगाने का आरोप लगाया है। गिरवर गांव निवासी रामशरण श्रीवास्तव, भरत, उत्तम, चंद्रप्रकाश, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार, करन सिंह, गिरजा शंकर, कृपाल, हरगोविंद, रामकुमार, हरचरन आदि आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि पानी की टंकी से धरमपाल के खेत तक, अर्जुन के खेत से रामसिंह के खेत तक और चंद्रशेखर के खेत से माधव के खेत तक क्षेत्र पंचायत के तहत मनरेगा कार्य में तीनों काम लगभग 1400 मीटर सड़क में लगभग 19 लाख रुपए का गबन करने का आरोप है। गांव के आधा सैकड़ा भड़के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तकनीकी जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। राठ खण्ड विकास अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और जेई द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई और कार्य को धरातल पर पूर्ण बताया गया यदि ग्रामीणों का आरोप सही है और धरातल पर कार्य नही हुआ है तो इसकी टेक्निकल जांच कराकर जो भी दोषी होंगे कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रक व बाइक की टक्कर मे एक बाइक सवार की मौत दूसरा घायल

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। बीती देर शाम सदर कोतवाली क्षेत्र मे बेतवा पुल के पास एक ट्रक मे पीछे से तेज रफ्तार दो बाइक सवारों के टकराने से एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दूसरे का गंभीर हालत में जिला अस्पताल में इलाज किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। सदर पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार बीती देर शाम समय करीब 8.15 बजे सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बेतवा पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दो मोटरसाइकिल सवार नावेद अहमद उर्फ सोनू पुत्र अनवर खान 27 वर्ष निवासी अमनशहीद तथा विष्णु शुक्ला पुत्र स्वर्गीय रामविलास शुक्ला 42 वर्ष निवासी आवास विकास कालौनी कल्याणपुर कानपुर नगर घायल हो गए थे। जिसको तत्काल मौके पर मौजूद यूपी 112 द्वारा जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने नावेद अहमद उर्फ सोनू को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में घायल विष्णु शुक्ला का इलाज चल रहा है। कोतवाली सदर पुलिस द्वारा अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## दो माह से पत्नी का सुराग नहीं एसपी से लगाई गुहार

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के बाजार से गायब हुई विवाहिता का दो माह बाद किसी तरह का सुराग न लगने से हताश पति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुपरा निवासी हेमचंद कुशवाहा ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि उसकी पत्नी कल्पना अपने मायके चन्द्रपुरवा बुजुर्ग में रहकर बच्चों को पढ़ाती थी। गत 31 अक्टूबर को वह अपने पिता राजबहादुर, भाभी चांदनी के साथ कस्बे में बाजार करने आई थी और बाजार से ही लापता हो गई थी। इसके अपहरण का मुकदमा उसने ससुर से मिलकर थाने में दर्ज कराया था। लेकिन दो माह गुजर जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से पत्नी को बरामद कर अपहरणकर्ता के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। फैक्टरी एरिया चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा ने बताया कि मामले का मुकदमा दर्ज है। महिला की तलाश की जा रही है।

# कस्बे की चेयरमैन दे रही विकास कार्यों को प्राथमिकता

**ठंड से बचाव के लिए जलवाए जा रहे अलाव –अधिशासी अधिकारी**

**अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी**

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर के बिदकी नगर पालिका परिषद मे चेयरमैन पद पर जिस दिन से भाजपा प्रत्याशी राधा साहू पदासीन हुई है। विकास कार्य तेजी से शुरू हुए हैं ।उसके एक सप्ताह बाद नगर की साफ सफाई व्यवस्था चेयरमैन के प्रतिनिधि रामकुमार साहू देख रहे हैं। अधिशासी अधिकारी निरुपमा प्रताप विकास कार्यों की गुणवत्ता को स्वयं मौके पर जाकर देखते हैं और ठेकेदारों से साफ-साफ शब्दों में कहा है कि अगर मानक के विपरीत कोई कार्य हुआ तो भुगतान नहीं होगा। पड़ रही ठंड को देखते हुए नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा रोज हर वार्ड में अलाव जलाने की व्यवस्था की जा रही है। लोग वर्तमान समय में नगर पालिका परिषद बिंदकी की प्रशंसा कर रहे हैं। अधिशासी अधिकारी निरुपमा प्रताप ने सफाई कर्मचारियों से साफ शब्दों में कहा है कि कार्यों में हिल वाली नहीं होनी चाहिए में हीला हवाली नहीं होना चाहिए। नगर का विकास पहली प्राथमिकता होगी लोग अब स्वर्गीय पूर्व अध्यक्ष राज नारायण गुप्ता की याद कर रहे हैं ।उनके जमाने में भी साफ सफाई व्यवस्था चौकस रहती थी। उन्हीं के पद चिन्ह में चलते हुए नगर की साफ सफाई व्यवस्था अध्यक्ष राधा साहू के प्रतिनिधि रामकुमार साहू देख रहे हैं।

अधिशाषी अधिकारी निरुपमा प्रताप ने कहा है कि नगर पालिका परिषद बिंदकी की सभी योजनाओं का लाभ पात्र नगर वासियों को दिया जाएगा।

# मीरजापुर में शीतलहर के अंतर्गत किये जा रहे राहत कार्य

**अमन लेखनी समाचार**



दिनांक - जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन के निर्देशन में एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)-प्रभारी अधिकारी (आपदा प्रबंधन) श्री शिव प्रताप शुक्ल के मार्गदर्शन में शीतलहर के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के राहत कार्य किये जा रहे हैं, एवं समय समय के अंतराल पर जिलाधिकारी मीरजापुर एवं अपर जिलाधिकारी (विङ्ग/राङ्ग) द्वारा रैन बसेरों में उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं एवं अलाव स्थल का औचक निरीक्षण किया जा रहा है मुख्य रूप से शीतलहर के दृष्टिगत निम्न राहत कार्य किये जा रहे हैं-

रैन वसेरा जनपद स्तर पर कुल 7 स्थलों पर रैन वसेरे का संचालन किया जा रहा है समस्त 7 स्थलों पर मौजूद रैन वसेरों में रजाई, गद्दा, मैटी, पेयजल, शौचालय, विद्युत इत्यादि सम्बंधित मूलभूत सुविधाओं कि व्यवस्था कि गयी हैं नगरपालिका मीरजापुर द्वारा सगरा बस स्टैंड-विन्ध्याचल (स्थायी रैन वसेरा-25 लोगों कि क्षमता), राजकीय रोडवेज परिसर-मीरजापुर (अस्थायी रैन वसेरा-40 लोगों कि क्षमता), मुकेरी बाजार धर्मशाला (अस्थायी रैन वसेरा-20 लोगों कि क्षमता) एवं रेहड़ा चुंगी-विन्ध्याचल डूडा (स्थायी रैन वसेरा-50 लोगों कि क्षमता) पर रैन वसेरा संचालित हैं नगरपालिका अहरौरा द्वारा सामुदायिक भवन- पट्टी खुर्द (अस्थायी रैन वसेरा-10 लोगों कि क्षमता), नगरपालिका चुनार द्वारा सामुदायिक भवन-बालुघट (अस्थायी रैन वसेरा-20 लोगों कि क्षमता), नगर पंचायत कछवां द्वारा जलकल परिसर (अस्थायी रैन वसेरा-10 लोगों कि क्षमता) में रैन वसेरा संचालित हैं रैन बसेरा के सबंध में रैन बसेरा का पता एवं बसेरा का प्रबंधन देखने वाले संबंधित कार्मिक का नाम एवं मोबाईल नंबर के फ्लैक्स/बैनर रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, विन्ध्यवासिनी माँ के मंदिर के समीप, तहसील एवं जिला मुख्यालय इत्यादि पर लगाए जा चुके हैं

कम्बल वितरण

जिला प्रशासन द्वारा निराश्रित एवं असहायों के मध्य कम्बल वितरण हेतु अब तक तहसीलों को कुल 6337 कम्बल उपलब्ध कराये गए हैं, क्रमशः तहसील सदर को 1981 कम्बल, तहसील चुनार को 1480 कम्बल, तहसील मडिहान को कुल 1688 कम्बल एवं तहसील लालगंज को कुल 1188 कम्बल उपलब्ध कराये गए हैं अब तक समस्त तहसीलों द्वारा निराश्रितों एवं असहायों को समस्त उपलब्ध कराए गए कुल 6337 कम्बल वितरित कर दिये गये हैं

अलाव

जनपद में जिला प्रशासन द्वारा कुल 433 स्थलों पर अलाव जलवाया जा रहा हैं तहसील सदर द्वारा कुल 30, चुनार द्वारा कुल 17, मड़िहान द्वारा कुल 13, लालगंज द्वारा कुल 24 स्थलों पर अलाव जलवाया जा रहा है एवं नगरपालिका मीरजापुर द्वारा कुल 232, नगरपालिका चुनार द्वारा कुल 28, नगरपालिका अहरौरा द्वारा कुल 68, नगरपंचायत कछवा द्वारा कुल 21 स्थलों पर अलाव जलवाया जा रहा है

# जिलाधिकारी ने कम्बल का किया वितरण



**कम्बलों का वितरण समस्त सम्बन्धित अधिकारी ससमय काराये सुनिश्चित–जिलाधिकारी।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में कम्बल का वितरण किये इस दौरान उन्होनें ने कहा कि सभी सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एंव तहसीलदार अपने-अपने तहसील क्षेत्र में अत्यधिक ठण्ड के दृष्टिगत कम्बल का वितरण पात्र व्यक्तियों को कराना सुनिश्चित करें, उन्होने कहा कि सम्बन्धित क्षेत्र को उप जिलाधिकारी को निर्धारित मात्रा में कम्बल की आपूर्ति सुनिश्चित करा दी गयी है कम्बल वितरण के उपरान्त उसकी सूचना राहत पोर्टल पर भी सुनिश्चित कर दी जाये और चिन्हित स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये उन्होने कहा कि समस्त उप जिलाधिकारी अपने तहसील क्षेत्रो के रैन बसेरों का भी भ्रमणशील रहकर निरीक्षण करते रहे और रैन बसेरो में की गयी व्यवस्था का भी जायजा लेते रहे।

# गौशालाओं के चौकीदारों व चरवाहों को बांटे गए कंबल




**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। शासन से प्राप्त कंबलों का वितरण पशुपालन विभाग ने गौशालाओं के चौकीदार एवं चरवाहों के मध्य किया है। कंबल पाकर चौकीदारों के साथ चरवाहों के चेहरे खिल उठे हैं। पशुधन प्रसार अधिकारी आरबी सिंह ने बताया कि शासन से चौकीदारों चारवाहों के मध्य वितरण के लिए सुमेरपुर क्षेत्र को 50 कंबल प्राप्त हुए थे ।इनका वितरण बिलहडी, नदेहरा, मवईजार, बण्डा, बिदोखर पुरई की गौशालाओं में कार्यरत चौकीदारों एवं चरवाहों के मध्य किया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही शेष गौशालाओं की चौकीदार एवं चरवाहों को भी कंबल वितरित किए जाएंगे। कंबल पाकर चरवाहों में चौकीदारों के चेहरे चमक उठे हैं।

# अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**अमन लेखनी समाचार**

**अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी नियन्त्रण लगाने की कार्यवाही करे सुनिश्चित– जिलाधिकारी**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी व पुलिस उपाधीक्षक, ज्येष्ठखान अधिकारी व वन विभाग, प्रदूषण विभाग के प्रतिनिधि के उपस्थित में बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने गठित टास्क फार्स द्वारा अवैध परिवहन व अवैध खनन पर प्रभावी नियन्त्रण लगाये जाने हेतु की गयी कार्यवाही की बिन्दुवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें और जिन भी विभाग के अधिकारीयों की ड्यूटी अवैध परिवहन के रोक हेतु लगायी गयी है वह निरधारित समय पर ड्यूटी पर उपस्थित होकर प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाये उन्होने कहा कि अवैध तरीके से वाहनों पर लगे नम्बर प्लेटो वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होने कहा कि समस्त उप जिलाधिकारी व पुलिस उपाधीक्षक अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर अवैध खनन व ओवर लोडिंग प्वाइंट का निरीक्षण करें यदि कोई भी अवैध तरीके से अवैध खनन व ओवर लोडिंग करते हुए पाया जाता है तो उसके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें, निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाये खनन हेतु जितने क्षेत्रफल का पट्टा दिया गया है उससे अधिक क्षेत्र में खनन कदापि न होने पाये, उन्होने कहा कि बकायेदारों के खिलाफ वसुली के कार्यवाही में भी तेजी लायी जाये।

# महिला किसान ने चौकी इंचार्ज पर लगाया फसल उजड़वाने का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के इंगोहटा की एक महिला किसान ने पुलिस चौकी इंचार्ज की मिलीभगत से विपक्षियों द्वारा फसल नष्ट करने का आरोप लगाकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

इंगोहटा निवासी रेखा पत्नी पंकज कुशवाहा ने पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज की मिलीभगत से महोबा निवासी मलखान ने अपने रिश्तेदार अमित, कोमल, मुन्ना, देशराज आदि 15 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसकी सरसों की फसल उजाड़ दी और उसके साथ गाली गलौज करके जमकर मारा पीटा और कपड़े फाड़ दिए। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगों ने बीचबचाव किया। पीड़िता का आरोप है कि जब वह थाने शिकायत लेकर पहुंची तब इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज शिवम पांडे ने उसको डांटकर थाने से भगा दिया। पीड़िता का आरोप है कि चौकी इंचार्ज विपक्षियों से मिले हुए हैं और उसका मुकदमा नहीं दर्ज कर रहे हैं। पीड़ित महिला किसान ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। इंगोहटा चौकी इंचार्ज शिवम पांडे ने बताया कि पीड़िता के ससुर ने बैनामा किया था लेकिन यह कब्जा नहीं छोड़ना चाहती है। खेत में किसी तरह की फसल उजाड़ने का आरोप निराधार है।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



अपने जीवन को नया रूप, नया अर्थ हम ही दे सकते हैं। इसके लिए हमें अपने स्वास्थ्य, आर्थिक, मानसिक, आत्मिक, संबंध और तकनीक प्रबंधन की कला सीखनी होगी। इस कला के सूत्रों को अपनाकर हमारा जीवन निश्चित ही तनावमुक्त, उत्साह और ऊर्जा से भरपूर बन जाएगा। इसका शुभारंभ हम कल से शुरू हो रहे नववर्ष से ही कर सकते हैं।

# नए वर्ष में दें जीवन को नया अर्थ

{ आवरण कथा / कुमार राधारमण }

यह जीवन सुख-दुख और हर्ष-विषाद की एक अनवरत यात्रा है। हमारी कामनाएं इस यात्रा को गति देती हैं और परेशानी का कारण भी बनती हैं। इस वर्ष आपने ना जाने कितनी योजनाएं बनाई होंगी। कुछ पूरे हुए होंगे और कुछ शेष होंगे। कल की बेहतरी की उम्मीद जिजीविषा को बनाए रखती है और जीवन को नए मायने देती है। वस्तुतः नएपन का बोध व्यक्ति को ऊर्जा से भर देता है और यही ऊर्जा मनुष्य के विकास का आधार है। कल से आरंभ हो रहे नववर्ष में हम स्व प्रबंधन की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

## आर्थिक प्रबंधन

यह आर्थिक युग है। जीने के लिए धन की अनिवार्यता है और आर्थिक आत्मनिर्भरता हर व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। यदि आप व्यवसाय करते हैं, तो आप अपने परिवार से इतर लोगों के लिए भी सहारा बनते हैं और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में भी योगदान देते हैं। व्यवसाय कई पीढ़ियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना सकता है। व्यवसाय के लिए पूंजी चाहिए और लंबे समय तक छोटी बचत से भी बड़ी पूंजी खड़ी हो सकती है। बाजार के प्रभाव में आकर अनावश्यक खर्चे से बचें और आर्थिक रूप से जागरूक बनें। जिस निवेश में जोखिम हो, उसमें लाभ की संभावना भी छिपी होती है। नया वर्ष ऐसी किसी योजना को कार्यरूप देने का अवसर है। जमीन या मकान में ऐसा निवेश ना करें, जो कई वर्षों तक आपकी परेशानी का सबब बना रहे। वास्तविक जरूरत का सम्यक आकलन ऐसी परेशानी से बचा सकता है।

## स्वास्थ्य प्रबंधन

जो स्वस्थ है, वही जीवन का आनंद ले सकता है। किसी रोग से ग्रस्त होने से पहले भी शरीर कई तरह के संकेत देता है, लेकिन सामान्यतः हम उन्हें पकड़ नही पाते क्योंकि हम इसके प्रति इतने जागरूक नहीं होते। ऐसे में, बेहतर यही है कि प्रतिवर्ष बुनियादी मानदंडों पर अपने स्वास्थ्य को परखने के लिए अपनी जांच कराएं ताकि यदि कोई रोग भीतर पनप भी रहा हो, तो शुरुआती दौर में ही उसका पता चल जाए और आप आगे का जीवन सक्रियतापूर्वक बिता सकें। क्या बीत रहे वर्ष में आपने ऐसी कोई जांच कराई है? यदि हां, तो क्या आपकी दिनचर्या डॉक्टर के कहे मुताबिक ही चल रही है या आप अब भी तमाम लक्षणों का विश्लेषण अपने कयास के आधार पर कर रहे हैं? चिकित्सा विज्ञान ने जो प्रगति की है, उसका लाभ उठाना आपका अधिकार है, यह लाभ लेने में ही ना सिर्फ आपकी बल्कि आपके परिवार की भी सुरक्षा और भलाई है।





## संबंध प्रबंधन

यह दुनिया संबंधों की है। बहुधा देखा जाता है कि पद, कद, रुतबा बदलते ही हमारे व्यवहार में परिवर्तन आने लगता है। अपनी खुशहाली में हम जिनसे सम्मान और मान्यता की अपेक्षा रखते हैं, व्यवहार जगत में हम उन्हीं रक्तसंबंधियों से दूर होने लगते हैं। हममें से अधिकतर लोग अपने ही सगों से धोखा खाए, सताए हुए हैं। ऐसे में, कई बार पराए, अल्पपरिचित लोग अधिक प्रिय लगने लग जाते हैं। फिर भी, संबंध छूट नहीं जाते। मैं सही-तू गलत के चक्कर में यदि संबंधों की न्यूनतम मर्यादा के पालन से भी आप चूके हों, तो आने वाला वर्ष इसे सुधारने का अवसर है। नए संबंध भी बनाएं और रक्तसंबंधियों से भी जुड़े रहें। इससे आगे चलकर पहचान का संकट पैदा नहीं होगा।

## तकनीक प्रबंधन

सबसे कीमती है समय। सही समय पर लिया गया सही निर्णय एक लंबी छलांग दे सकता है। लेकिन हममें से बहुतों की दुनिया अब गैजेट्स तक सीमित रह गई है। वास्तव में, इन दिनों लोग सोशल मीडिया पर बहुत अधिक समय दे रहे हैं। परिवार छोटे हो रहे हैं और परिवार का हर सदस्य अपने मोबाइल में व्यस्त है। गौर कीजिए कि इस बीत रहे वर्ष में आपने प्रतिदिन सोशल मीडिया पर बिताए औसत समय की तुलना में क्या कुछ हासिल किया? सोशल मीडिया आपके लिए अपनी रचनात्मकता की अभिव्यक्ति या धनार्जन का विषय है या आप बस टाइमपास कर रहे हैं? गैजेट्स पर अपनी व्यस्तता की समीक्षा कीजिए और अधिक सार्थक काम को समय दीजिए। जीवन की जरूरतें बहुत अधिक नहीं हैं और ना ही महत्वाकांक्षा का कोई अंत है। इसलिए किसी भी तकनीक को उतना ही समय दें, जितने के बाद भी आप परिवार को पर्याप्त समय दे पा रहे हों।

## मानसिक प्रबंधन

संभव है, बीत रहा वर्ष आपके लिए किसी विषय या क्षेत्र में कड़वा अनुभव देने वाला रहा हो। यह अनुभव नए वर्ष में आपके काम आ सकता है, क्योंकि बकौल हरिवंश राय बच्चन-जो बीत गई, सो बात गई। किसी दुर्घटना के डर से हम सड़क पर निकलना तो नहीं छोड़ देते। जीवन में आगे बढ़ना ही होता है। अपनी जिजीविषा के बूते मनुष्य ने अनंत चुनौतियां पार की हैं। प्रकृति प्रतिपल नूतन है और जीवन का हर क्षण एक अप्रतिम अवसर है। महाप्राण निराला का महामंत्र है-'नवगति नवलय ताल-छंद नव, नवल कंठ नव जलद मंत्र रव।' जब तक आपमें प्राणऊर्जा है, आप अपनी परिस्थितियों को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर सकते हैं। अनंत अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। आइए, अपने जीवन को नया रूप, नया अर्थ देने के शुभ संकल्प के साथ नव वर्ष में प्रवेश करें। *



## आत्म प्रबंधन

**मनुष्य केवल** भूख, नींद और पैसा कमाने के लिए नहीं है। उसके पास एक विकसित मन और चेतना भी है। जीवन की इस आपा-धापी में, हमारे पास अपने लिए समय ना के बराबर रह गया है। आज ऐसा एकांत दुर्लभ होता जा रहा है, जिसमें हम कुछ समय सिर्फ अपने आपको दे सकें। स्वाध्याय, चिंतन-मनन, शांत करने वाले संगीत और ध्यान से हममें से अधिकतर लोग विमुख हैं। जीवन में जो कुछ भी आध्यात्मिक रूप से मूल्यवान है, तकनीक वो हमें नहीं दे रही है। सो निरंतर सक्रियता के साथ ठहरना भी जरूरी है। नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए आत्ममंथन भी हो कि क्या यह हमें बेहतर मनुष्य बना रही है? यह समय इस वर्ष की गलतियों से सबक लेकर नए वर्ष में नए संकल्प के साथ प्रवेश करने का है। क्या आपके खान-पान और जगत-व्यवहार में शुचिता है? क्या चेतना के तल पर आप ऊपर उठ पाए हैं? क्या आपके जीवन में आध्यात्मिकता है? इन प्रश्नों के जवाब अगर ना में हैं तो यही सही समय है कि आत्मचेतना के लिए भी सक्रिय हों।

{ लघुकथा / डॉ. मोनिका शर्मा }

# आभासी चक्रव्यूह

नववर्ष के संकल्पों की सूची बनाते हुए उसने तकनीकी दुनिया से मिली सहूलियतों पर भी विचार किया। नए साल में अपनी दुनिया नई कर लेने के वादों को वास्तविकता के धरातल पर उतारने के लिए बहुत से एप स्मार्ट फोन में डाउनलोड कर लिए। फोन की स्क्रीन पर पल-पल अवतरित हो वजन घटाने की युक्तियां बताने वाले एप से लेकर मन की सेहत सुधारने के तरीके सुझाने वाले एप तक। कोई एप दिन की शुरुआत में ही सितारों की चाल जान लेने के लिए चुना तो कोई जीवनशैली बदलने के गुर समझने के लिए। उसके उत्साहित युवा मन को ये एप्स झटपट कुछ कर जाने और उसका लेखा-जोखा रखने के माध्यम प्रतीत हुए।



साल का पहला सप्ताह स्क्रीन पर अवतरित होते सुझावों को समझते-गुनते ही बीत गया। स्क्रीन स्क्रॉल का वक्त घटने के बजाय और बढ़ गया। साथ ही कम हो गई लक्ष्य तक जाने, जो करने की ठानी है, उसे कर पाने की सक्रियता और प्रतिबद्धता। कोई संकल्प मुश्किल लगता तो मन उसका विकल्प भी किसी दूसरे एप में तलाशने की वर्चुअल दौड़-धूप शुरू कर देता। यह नहीं तो वह, वह नहीं तो यह। कुछ ना करते हुए सब कुछ कर जाने का आभासी चक्रव्यूह असल जीवन को घेरने लगा। गति पकड़ने के गुर बताने वाले माध्यमों से जीवन कुछ और ठिठक-सा गया।

बेटे के स्वयं से किए वादों का दावे भर बनकर रह जाना देख मां ने संयत स्वर में एक दिन कहा, 'सोचने या चाहने भर से कुछ नहीं होता बेटा, नियमित समय और ऊर्जा लगाना ही अपने लक्ष्य तक जाने का एकमात्र रास्ता है।' बेटे ने मां की ओर देखकर हामी भरी, 'हां मां, मैं समझ गया हूं। यह सब भ्रम-सा ही है। स्क्रीन के इस ओर बैठकर जानी-समझी गई बातों के मायने भी तभी हैं, जब वास्तविक दुनिया में हम स्वयं इन्हें लागू करने की ठानें।'

मां ने आशा भरी नजर से अपने बेटे को देखा और फिर बोलीं, 'अपने आपको या जिंदगी को बदलने की राह में असर तभी नजर आता है, जब सूचनाओं और जानकारियों को जुटाने के साथ-साथ मन-जीवन में भी सक्रियता लाई जाए। बदलाव का मार्ग किसी एप में नहीं स्वयं अपने आप में है बेटे।' बेटे ने बरसों से सधी-सजग और सक्रिय दिनचर्या का पालन कर रही मां की ओर मुस्कुराकर देखा और स्क्रीन स्क्रॉल कर रहे अंगूठे को विराम दिया। फोन एक तरफ रख मन ही मन कुछ ठानते हुए वह कागज-कलम ले गंभीरता से अपनी समय सारिणी बनाने लगा। *



{ गीत
अशोक 'अंजुम' }

# नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!

तोड़ गया, अंदर तक हमको तोड़ गया,
गया वर्ष जो उलझन अनगिन छोड़ गया,
तुम देना निष्कर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!
जो सच्चाई की राहों के साधक हैं,
मानवता के जो सच्चे आराधक हैं,
वे पाएं उत्कर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!
निर्बल का बल बनकर जो भी रहते हैं,
जिनके मन में करुणा के नद बहते हैं,
उनको देना हर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!
सबके पथ पर सुंदर फूल खिलाना तुम,
भटकों को अब मंजिल तक पहुंचाना तुम,
सुफलित हों संघर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!

{ आत्मप्रेरणा / बीके शिवानी, मोटिवेशनल स्पीकर }



आध्यात्मिक संस्था ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़ीं राजयोग मेडिटेशन शिक्षिका एवं अतंरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मोटिवेशनल स्पीकर बीके शिवानी दुनिया भर के लाखों-करोड़ों लोगों के जीवन में सार्थक और सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रेरित करती रहती हैं। नववर्ष के अवसर पर शिवानी बता रही हैं बेहतर, शांतचित्त और खुशहाल जीवन जीने के सूत्र।

# नए संकल्प लें दृढ़ता से करें उन्हें पूर्ण

आध्यात्मिक प्रेरक वक्ता बीके शिवानी किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। 2007 में प्रसारित टीवी शो- 'अवेकनिंग विद ब्रह्मा कुमारीज' के माध्यम से उन्होंने जनमानस को मानसिक तनाव, अवसाद आदि मानसिक विकारों से मुक्त होकर अपने आत्म-सम्मान को ऊंचा रखने एवं आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की प्रेरणा दी। 2019 में तत्कालीन राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित बीके शिवानी विश्व साइकिएट्रिक एसोसिएशन की गुडविल एम्बेसेडर होने के अलावा फॉग्सी (एफओजीएसआई) के अद्भुत मातृत्व कार्यक्रम से भी जुड़ी हैं। प्रस्तुत हैं उनके प्रेरक विचार, उन्हीं की जुबानी।

## नव वर्ष के मायने

नए वर्ष का मतलब होता है, पुराने को विदाई और नए को बधाई देना। पुरानी, कड़वी बातों, घटनाओं को भूल कर आगे बढ़ना। लेकिन क्या हम ऐसा कर पाते हैं? जवाब है-नहीं। अधिकतर लोग वर्षों तक इन कटु बातों को याद रखते हैं। मन पर बोझ लिए चलते रहते हैं और दुखी रहते हैं। जरूरी यह है कि हम पुराने साल को विदा करते समय ऐसी तमाम यादों, कमजोरियों को बिसारते जाएं। हरेक के प्रति शुभभावना रखें। लोगों को दुआएं दें, तो स्वयं को भी दुआ देना ना भूलें। नए, शक्तिशाली संकल्प लें और इन्हें दृढ़ता के साथ पूर्ण करें।



## स्व-परिवर्तन सिखाता है राजयोग ध्यान

राजयोग ध्यान द्वारा स्व-परिवर्तन की इस अद्भुत यात्रा को मुझे 25 वर्ष से अधिक हो गए हैं। गुजरते समय के साथ अपने भीतर छिपे अहंकार को आत्मिक स्वरूप के अभ्यास से परिवर्तित करने का प्रयास किया है। यह यात्रा अब भी जारी है, क्योंकि आंतरिक शक्ति का विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। हमें किसी से कुछ मांगना नहीं, सिर्फ देना होता है। देने से आंतरिक शक्ति स्वयं ही बढ़ती जाती है। जो हम देते हैं, बदले में वही पाते हैं। यह सोच दुनिया की उस मान्यता से ठीक विपरीत है कि हम जो पाते हैं, वही सच है। इससे शांति, स्थिरता एवं स्वीकार्यता तीनों बढ़ती है। इच्छाएं खत्म होती जाती हैं और वर्तमान में रहने की आदत स्वाभाविक बन जाती है। हमारे ब्रह्मा कुमारीज में एक खूबसूरत कहावत है कि जब मैं बदलूंगी तो मेरी दुनिया भी बदलेगी। तमाम आध्यात्मिक सिद्धांत एवं पद्धति भी स्व में सुधार लाने पर ही जोर देते हैं। अर्थात् स्व का ध्यान रखें, स्व की जिम्मेदारी लें, स्व को सशक्त बनाएं, स्व को मान दें एवं स्व को प्रेम करें। ऐसा करने से हम आध्यात्मिक, भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक पांचों रूपों में शक्तिशाली बनते जाते हैं। इसलिए किसी व्यक्ति या बाह्य परिस्थिति के बदलने की प्रतीक्षा किए बिना स्वयं पर ध्यान दें।

## ऐसे रखें खुद को शांत

अशांत वातावरण में खुद को शांत रखने से पहले हमें समझना होगा कि कोलाहल हमारे आस-पास नहीं, बल्कि हमारे अपने मन के अंदर होता है। अगर सुबह ही हम अपने मन की स्थिति को ठीक कर लेते हैं और पूरा दिन थोड़ा-थोड़ा उसका ध्यान रखते रहते हैं, तो कैसी भी परिस्थिति आने पर हम उसका स्थिर रहकर सामना कर पाते हैं। जैसे किसी फोन को सुबह चार्ज करने के बाद उसके सैकड़ों फीचर्स पूरे दिन कार्य करते रहते हैं। लेकिन बैट्री अगर चार्ज ना हो, तो फिर फोन रखने का कोई उद्देश्य नहीं रह जाता है। उसी प्रकार, हमारी आत्मा भी एक बैट्री की तरह ही है, जिसे हमें हर सुबह मेडिटेशन से चार्ज करना पड़ता है। इसके अलावा, जब हम कर्मयोगी के स्वरूप में स्थित होकर कोई कार्य करते हैं, तो उसकी दिशा सही होती है। कहने का तात्पर्य है कि हर कर्म करते हुए हमें अपने वाइब्रेशंस का ध्यान रखना होता है।

## कैसे मिलती है सच्ची खुशी

सच्ची खुशी तब मिलती है, जब हमारा मन हर परिस्थिति में स्थिर रहता है। यानी बाह्य संसार में कुछ भी घटित क्यों ना हो रहा हो, कोई व्यक्ति कुछ भी क्यों ना बोल रहा हो, आलोचना ही क्यों ना कर रहा हो, मन हलचल में नहीं आता है। विचलित नहीं होता है और हम खुश रहते हैं। इसी प्रकार, जब मन में सही विचार उत्पन्न होते हैं, तो हमें खुशी मिलती है। असल में खुशी हमारे भीतर ही छिपी है। वह प्रत्येक मनुष्य आत्मा का मूल एवं आंतरिक गुण है। विडंबना यह है कि आज मानव बाहरी दुनिया में खुशी तलाश रहा है। उसकी खुशी दूसरों पर निर्भर हो गई है। मनोनुकूल परिस्थिति ना होने पर वह दुखी, निराश हो जाता है। ऐसे में हम अगर अपनी स्व स्थिति पर ध्यान दें, तो खुश रहने से कोई रोक नहीं सकता है।

## बच्चों-युवाओं के लिए संदेश

आजकल बच्चे, किशोर और युवा कई तरह की मानसिक समस्याओं का सामना करते दिखते हैं। हमें समझना होगा कि उनकी मानसिक समस्याओं के कई कारण हैं। पहला, वे अपने घरों में बड़ों को गुस्सा, तनाव, बेचैनी, चिंता आदि में घिरा देखते हैं। वही वाइब्रेशन उन्हें खुद भी अनुभव होती हैं। इसके अतिरिक्त, बाहरी जगत का नकारात्मक वातावरण उनके मन-मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसके अलावा, अभिभावकों एवं अन्य लोगों द्वारा बच्चों के अंदर निरंतर यह विचार डाला जाता है कि जैसी परिस्थिति होगी, वैसे ही उनका मन होगा। परिणाम यह होता है कि बच्चों और युवाओं की भावनाएं बाह्य कारकों पर निर्भर करने लगती हैं। किसी को क्रोध आता है, तो वे भी गुस्सा करने लगते हैं। कोई निराश होता है, तो उन्हें भी वही महसूस होता है। इस प्रकार की भावनात्मक निर्भरता से उनका भावनात्मक स्वास्थ्य कमजोर हो जाता है। हालांकि, बच्चे या युवा अपनी दिनचर्या में सुधार लाकर इन तमाम समस्याओं से निजात पा सकते हैं। उनके बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि वे रात को समय से (दस बजे तक) सोएं। सोने से कम से कम एक घंटे पहले गैजेट्स से दूरी बना लें। इसके बदले सकारात्मक चीजें पढ़कर या सुनकर सोएं। तब नींद भी अच्छी आएगी और सुबह जल्दी उठ सकेंगे। इससे वे ऊर्जावान महसूस करेंगे। साथ में उनकी रचनात्मकता, स्पष्टता, निर्णय लेने की क्षमता सब बढ़ जाएगी। याद रखें कि आप जो पढ़ते, सुनते, देखते और बोलते हैं, उससे ही विचार उत्पन्न होते हैं। इसके अलावा, टीवी या मोबाइल फोन देखकर खाना बंद करें। खाने से पहले मेडिटेशन के जरिए भोजन में सकारात्मक ऊर्जा भरें। हो सके तो घर का बना भोजन करें, जिसमें प्यार के वाइब्रेशन होते हैं और जो शुद्धता से बनाए जाते हैं। इन उपायों से उन्हें अवश्य लाभ होगा। *

**बातचीत : अंशु सिंह**



{ नए वर्ष के दोहे
अखिलेश श्रीवास्तव चमन }

अखबारों में सुर्खियां, नया दिवस औ रैन।
मन ना माने बात यह, पढ़ते थक गए नैन।।
आते व जाते रहे, नए साल हर साल।
यक्ष प्रश्न अब भी वही, कपड़ा, रोटी, दाल।।
नया कहूं तो किसलिए, तुझको ऐ नववर्ष।
वही पुरानी बेबसी, चिथड़ा-चिथड़ा हर्ष।।
आंख धंसीं, चेहरे बुझे, जन-गण हैं बदहाल।
भूख, गरीबी, व्याधियां, दे गया गुजरा साल।।
गए साल में लिखना था, एक नया इतिहास।
क्या लिक्खें यह सोचते, बीते बारह मास।।
कितने फागुन, चैत गए, कितने अगहन, माघ।
नए मुखौटों में मिले, वही पुराने घाघ।।
द्वेष, डाह औ नफरतें, महंगाई की मार।
नया साल गर हो सके, कर इनका उपचार।।
हे विधना नववर्ष में, हो ऐसा संयोग।
मिटे देश की देह से, दहशतगर्दी रोग।।

{ लघुकथा / ललित शौर्य }

# नया सूरज



रश्मि बड़े ध्यान से सूरज को देख रही थी। वह मन ही मन बुदबुदाई, 'सूरज तो कल जैसा ही है, तो फिर यह साल नया कैसे हो गया? मैं तो यह नहीं मानती कि कुछ भी नया है!'

तभी पीछे से आकर रश्मि की भाभी ने उसे चौंका दिया, 'सुबह-सुबह बहुत ध्यान से क्या देख रही हो रश्मि? क्या नया नजर आ रहा है आज?'

'नया ही तो कुछ नजर नहीं आ रहा है। कल से टीवी, अखबारों में सुन-पढ़ रही हूं, नए साल का नया सूरज! पर यहां नया और नयापन जैसा कुछ भी नजर नहीं आ रहा। खैर! आपको नया साल मुबारक हो भाभी!' रश्मि ने उलझे स्वर में जवाब दिया। 'नयापन तो महसूस करना पड़ता है रश्मि। अगर हम इसे महसूस कर लें तो सब कुछ नएपन से भर जाएगा। हमारे भीतर उमंग की तरंग दौड़ने लगेगी। सूरज का नयापन हमें पहले से ज्यादा गर्माहट देगा। संबंधों का नयापन पहले से ज्यादा गहरा लगेगा। हमें अपने भीतर एक नई ऊर्जा महसूस होगी।' भाभी ने रश्मि को समझाने की कोशिश की।

यह सुनते ही रश्मि के शरीर में एक अजीब-सी सिहरन दौड़ गई। अभी तक जो सूरज उसे तेजहीन लग रहा था, अचानक उसकी आंखों के सामने दमकने लगा था। उसने भाभी को गले लगा लिया, बोली, 'भाभी, मुझे इस नए सूरज और नएपन का आभास कराने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद और नए साल की शुभकामनाएं।' *